राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार | जयपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025 | राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# हमारा समाचार

दैनिक | वर्ष - 12 अंकः 145 | प्रातः कालीन | मूल्यः 2.50 रुपए | पृष्ठः 8 | hamarasamachar02@gmail.com

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

सुविचार

"सफलता का कोई रहस्य नहीं है, वह केवल अत्यधिक परिश्रम चाहती है।"

### अपने ही रुपयों के लिए तरस गई आम जनता..

# आरबीआई के सिस्टम ने की 'दिवाली काली'.. जयपुर में ही अटक गए '400 करोड़ के चेक'!

## सेम डे क्लीयरिंग का वादा फेल

## चेक क्लीयरिंग के नए सिस्टम ने बैंकिंग सिस्टम और जनता दोनों की बढ़ाई आफत, 4 अक्टूबर के बाद से नहीं हो रहे चेक क्लीयर

### राजधानी के अधिकांश बैंकों में फंसे हुए है हजारों चेक, नए चेक लेने से बैंक स्टाफ का इंकार

**आरबीआई ने घोषणा तो कर दी लेकिन ना सिस्टम तैयार और ना ही प्रशिक्षित स्टाफ**

हमारा समाचार

**जयपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक की सेम-डे चेक क्लियरिंग योजना ने अपने लागू होने के पहले ही सिस्टम फेलियर का प्रमाण दे दिया है। चार अक्टूबर से शुरू हुए इस नए मॉड्यूल (कंटीन्युअस क्लियरिंग एंड सेटलमेंट) के कारण शहर की अधिकांश बैंक शाखाओं में चेक फंसे हुए हैं और भुगतान ठप हैं। बैंकिंग सूत्रों के अनुसार, अकेले जयपुर में 400 करोड़ रुपए से अधिक के चेक अभी भी क्लियर नहीं हुए। विशेषज्ञों की मानें तो नए सिस्टम को बिना ट्रायल और प्रशिक्षण के लागू करना पूरी तरह लापरवाही है। इससे न केवल कर्मचारियों को चार से आठ घंटे तक अतिरिक्त काम करना पड़ रहा है, बल्कि ग्राहक और कारोबारी भी घंटों तक अपने पैसे के लिए इंतजार कर रहे हैं। बैंक कर्मियों के अनुसार वे पूरी तैयारी के बिना इस सिस्टम पर काम करने को मजबूर हैं। रोजाना ओवरटाइम हो रहा है, लेकिन चेक अभी भी क्लियर नहीं हो रहे। अब कोई भी सुनने वाला नहीं है।



### पूरे सिस्टम में खामियां ही खामियां, बैंककर्मियों को ट्रेनिंग तक नहीं

बैंक कर्मचारियों को इस नए मॉड्यूल की ठीक से ट्रेनिंग नहीं दी गई थी। डिजिटल इमेजिंग और डेटा एंट्री में गड़बड़ियों के अलावा कई बैंकों में सॉफ्टवेयर अपग्रेड के बाद डेटा सिंक्रोनाइजेशन की समस्या आ गई है। कुछ बैंकों में आईएफएससी कोड और ब्रांच कोड की ऑटो-मैपिंग में कमी आने से क्लियरिंग फाइल रिजेक्ट हो रही हैं। एआई-आधारित ऑटो-क्लियरिंग नियम कई बार गलत तरीके से ट्रिगर हो रहे हैं, जिससे वैध चेक भी 'होल्ड' में जा रहे हैं। इन दिक्कतों के चलते कई बैंकों ने अब मैन्युअल वेरिफिकेशन शुरू कर दिया है, जिससे पेमेंट पूरी तरह नहीं रुके। जयपुर के व्यापारी के कर्मचारी ने बताया कि जो चेक 13 दिन पहले जमा किए थे।

### बैंक एसोसिएशन ने आरबीआई पर उठाए सवाल, पूरा बैंकिंग सिस्टम हुआ ठप

इस बीच बैंक एम्पलायज एसोसिएशन का कहना है कि जब एनईएफटी, आरटीजीएस और ऑनलाइन बैंकिंग जैसी सुविधाएं पहले से तेज गति से काम कर रही हैं, तब इस तरह के नए सिस्टम की जल्दबाजी में शुरुआत करना सही नहीं था। नतीजा यह हुआ है कि चेक क्लियर होने में अब पहले से ज्यादा समय लग रहा है। कोई भी नया सिस्टम लागू होता है तो उसे समझने में परेशानी आती ही है। हालांकि सोमवार को सभी बैंकों में इसे लेकर विशेष ट्रेनिंग दी गई है।

### एक दिन में होना था चेक क्लीयर

नए चेक क्लियरिंग सिस्टम में गड़बड़ियों से ग्राहक परेशान हो रहे हैं। कहां तो एक दिन में चेक क्लियर होना था। कहां हफ्तों तक चेक क्लियर नहीं हो पा रहे। बैंक अधिकारियों ने बताया है कि इसमें क्या समस्याएं आ रही हैं। एक ग्राहक के अनुसार 3 अक्टूबर को एक शख्स को चेक दिया। 8 अक्टूबर को पैसे अकाउंट से कट गए। इसके 4 दिन बाद मेल आया कि चेक रिजेक्ट हो गया है। बैंक मैनेजर से जाकर मिलें तो मैनेजर ने जवाब दिया कि जबसे नया क्लियरिंग सिस्टम लागू हुआ है, सारे चेक रिजेक्ट हो जा रहे हैं।यहां तक कि इसकी कोई रिपोर्ट नहीं है।

## चलती एसी बस में आग, 15 से ज्यादा मौतों की आशंका, 2 बच्चों समेत 16 लोग झुलसे



हमारा समाचार

**जैसलमेर।** जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए।

हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 16 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को तीन एम्बुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए। जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया। अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं।

बस में 57 लोग सवार थे। नगर परिषद के असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने हादसे में 10-12 लोगों की जलने से मौत होने की आशंका है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों और फायर कर्मियों के अनुसार मौत का आंकड़ा 15 से भी ज्यादा हो सकता है। हालात यह है कि बस की बॉडी इतनी गर्म है कि शव नहीं निकाल पा रहे।

कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि इस हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। चार घंटे बाद भी बस की बॉडी गर्म है। हादसे में 16 घायल थे, जिन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया है। बस में बाकी बची सवारियों की बॉडी है। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। झुलसे यात्रियों को तीन एम्बुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए।

## सांसद राव राजेंद्र सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ी, हालत गंभीर होने पर एसएमएस अस्पताल में किया रेफर





हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर में अग्निवीर जवान के दाह संस्कार में शामिल होने पहुंचे सांसद राव राजेंद्र सिंह की तबियत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस मौके पर उनके साथ अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अमला और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

### हालत गंभीर, एसएमएस अस्पताल में किया रेफर

दाह संस्कार की प्रक्रिया के दौरान अचानक सांसद की तबियत बिगड़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी, जिसके चलते उन्हें तुरंत स्म्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना के समय उनके बेटे देवायुष सिंह उनके साथ थे। पिता की अचानक तबीयत बिगड़ने और बेहोश होने पर वह घबरा गए। ग्रामीणों की मदद से बेटे ने तुरंत सांसद को कंधे पर उठाकर गाड़ी में बिठाया और पास के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया।

### राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा

# 3 फीसदी बढ़ेगा डीए और डीआर, बोनस भी मिलेगा

हमारा समाचार

**जयपुर।** केंद्र सरकार के बाद अब राजस्थान में भी कर्मचारियों-अधिकारियों को दिवाली गिफ्ट के रूप में महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनरों के लिए महंगाई राहत (डीआर) तीन प्रतिशत बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, बोनस देने के लिए तैयारी चल रही है। केंद्र सरकार ने डीए-डीआर एक अक्टूबर 2025 से देने का निर्णय किया है। इससे डीए-डीआर अब 58 प्रतिशत हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार, डीए-डीआर बढ़ाने का प्रस्ताव उप मुख्यमंत्री (वित्त) कार्यालय पहुंच गया है।

अब तक की परिपाटी के अनुसार, राजस्थान में जुलाई, अगस्त और सितंबर के बढ़े हुए डीए की राशि जीपीएफ या समकक्ष खाते में जमा होने की संभावना है। आगे से वेतन के साथ बढ़ा हुआ डीए मिलेगा, जबकि डीआर की बढ़ी हुई राशि का एक जुलाई से गणना करते हुए नकद भुगतान होगा। ऐसे में अनुमान है कि डीए-डीआर में बढ़ोतरी से राज्य पर करीब 1200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। दिवाली पर कर्मचारियों को बोनस देने का प्रस्ताव भी वित्त विभाग जल्द ही आगे बढ़ा देगा। बोनस पर राज्य पर करीब 500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आर्थिक भार आने का अनुमान है।



### केंद्र के समान राजस्थान में भी 58 फीसदी हो जाएगा डीए

वर्तमान में राजस्थान में केंद्र के ही बराबर डीए दिया जाता है। वर्तमान में केंद्र और राज्य में 55 फीसदी डीए दिया जा रहा है। एक अक्टूबर को केंद्र सरकार ने तीन प्रतिशत डीए की वृद्धि की है। ऐसे में राजस्थान में भी तीन फीसदी डीए वृद्धि की पूरी संभावना है। इस प्रकार राजस्थान में राज्य कर्मचारियों को 58 फीसदी डीए दिया जाएगा।

### पिछले सालों में इस प्रकार हुई है डीए की बढ़ोतरी

| तारीख- | डीए बढ़ोतरी (%)- | पुराना डीए (%)- | नया डीए (%) |
|---|---|---|---|
| 25 मार्च 2023- | 4%- | 38%- | 42% |
| 30 अक्टूबर 2023- | 4%- | 42%- | 46% |
| 14 मार्च 2024- | 4%- | 46%- | 50% |
| 24 अक्टूबर 2024- | 3%- | 50%- | 53% |
| 1 अप्रैल 2025- | 2%- | 53%- | 55% |

### पिछली बार सबसे कम बढ़ा डीए

पिछले ढाई साल के डीए की बात की जाए तो पिछली बार सबसे कम डीए बढ़ा था। साल 2023 में दोनों बार यानी जनवरी-जुलाई में चार-चार फीसदी डीए बढ़ा था। वहीं, साल 2024 में जनवरी में चार फीसदी और जुलाई में तीन फीसदी डीए बढ़ाया गया। लेकिन साल 2025 में जनवरी का डीए केवल दो फीसदी बढ़ाया गया था। अब इस बार केंद्र की तर्ज पर डीए तीन प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जनवरी 2025 में अब तक सबसे कम डीए बढ़ा था।



## राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया भाग



हमारा समाचार

**टोंक।** राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) की प्रदेश स्तरीय बैठक कॉन्स्टिट्यूशन भवन विधानसभा परिसर जयपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं, शैक्षणिक सुधारों तथा लंबित मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में जिला टोंक से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छोटू लाल चन्देल, रमेश बोयत, ओमप्रकाश वर्मा, जिला सभाध्यक्ष सुरेश कुमार बंसीवाल, पूर्व जिला सभाध्यक्ष एवं सलाहकार समिति सदस्य रामरतन गुगलिया, जिला मंत्री जितेन्द्र बैरवा, तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष हरिराम बड़ीवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष जयंती प्रकाश नुवाल ने बताया कि बैठक मे 15 सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें वाइस प्रिंसिपल एवं प्रिंसिपल पदों की काउंसलिंग रोस्टर के अनुसार की जाए, छात्रवृत्ति वितरण मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाए, ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को पुनः लागू किया जाए, आगामी प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों पर विचार.विमर्श किया गया। पूर्व जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया को रोस्टर प्रणाली के अनुरूप किया जाना चाहिए, जिससे पारदर्शिता एवं न्याय सुनिश्चित हो सके। जिला मंत्री जितेंद्र बैरवा ने बताया कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों के प्रमोशन में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए, शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाए, प्रतियोगिता परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी रोटेशन या एक पारी में लगाई जाए तथा अवकाश दिवसों पर क्षतिपूर्ति अवकाश दिया जाए, बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के सत्रांक व लिखित अंकों से संबंधित अनुचित आदेशों को वापस लिया जाए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण बारूपाल ने कहा कि संघ की सभी उचित मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से रखा जाएगा, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

## देवली-उनियारा में 12 क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत के 10.75 करोड़ रुपए की स्वीकृत

हमारा समाचार

**टोंक।** देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में बरसात से क्षतिग्रस्त हुए 12 सडक़ों व पुलियाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ 75 लाख रुपए की मंजूरी मिली हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के संयुक्त सचिव द्वारा इन सडक़ों की प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति जारी की हैं। इसके लिए विधायक राजेंद्र गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया हैं। अब शीघ्र ही इन क्षतिग्रस्त सडक़ों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सडक़ों का काम शुरू किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के कुंडेर से सेंदरी सडक़ की मरम्मत नवीनीकरण के लिए 83 लाख रुपए, उनियारा-पलाई-नगरफोर्ट-दूनी-आंवा सडक़ के लिए 85 लाख रुपए, उनियारा-इंद्रगढ़ सडक़ 3 करोड़ 85 लाख रुपए, महुआ से देवली 75 लाख, पाड़ल्याचारण, अनवरनगर से आली का भैरू 80 लाख, स्टेट हाई-वे 29 से अनवरनगर 82 लाख, सोप आमली से पायगा 5/200 सडक़ के लिए 30 लाख, सोप आमली से पायगा 5/800 सडक़ तक 30 लाख, गुराई से जैल रोड़ 83 लाख, गैरोली मुगलाना धुंआकला 22 लाख, आंवा सीतापुरा रोड़ से नयागांव कल्याणपुरा 55 लाख, एनएच-12 से पोल्याडी 65 लाख रुपए की स्वीकृति जारी हुई हैं। इन सभी बारिश से क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत नवीनीकरण होने से क्षेत्र के लोगों, वाहन चालकों को बेहतर सडक़ सुविधा मिलेगी तथा लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा आज टोंक में समीक्षा बैठक लेंगे

हमारा समाचार

**टोंक ।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा 15 अक्टूबर को टोंक जिले के दौरे पर रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा सुबह 10.30 बजे जिला परिषद सभागार में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे एवं आत्मनिर्भर भारत जीएसटी कार्यशाला में भाग लेंगे।

## सचिन पायलट आज टोंक में

हमारा समाचार

**टोंक।** एआईसीसी महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी टोंक विधायक सचिन पायलट 15 अक्टूबर बुधवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अंबेडकर स्टेडियम टोंक में सांय4 बजे इंडोर स्टेडियम एवं रनिंग ट्रेक का उद्घाटन करेंगे। साथ ही कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद जिला संगठन प्रभारी, पीसीसी सदस्य, विधानसभा प्रभारी, प्रधान नगर, परिषद सभापति, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पार्षद गण इकाई अध्यक्ष तथा समस्त कांग्रेस जन भाग लेगें।

## टोंक में 7.50 करोड़ रूपये की राशि से होंगे क्षतिग्रस्त सडक़ों के स्थायी मरम्मत कार्य

हमारा समाचार

**टोंक।** वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई टोंक विधानसभा क्षेत्र की सडक़ों के लिए 752 लाख रूपये की राशि से स्थायी मरम्मत कार्य स्वीकृत करवाने पर टोंक के स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट का आभार जताया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा टोंक की मोलाईपुरा से सोलंगपुरा सडक़ के लिए 45 लाख रूपये, चिरोंज-मण्डावर सडक़ से हथौना के लिए 45 लाख रूपये, फरासिया से सण्डिला ढाणी वाया हकीमपुरा सडक़ के लिए 7 लाख रूपये, सांखना से वजीरपुरा सडक़ के लिए 25 लाख रूपये, लाम्बा से सोनवा वाया छापरिया सडक़ के लिए 45 लाख रूपये, नवाबपुरा से अमीनपुरा सडक़ के लिए 35 लाख रूपये, बासेड़ा से बनेडिया बुर्जुग के लिए 90 लाख रूपये, मण्डा से बाहेड़ा सडक़ के लिए 80 लाख रूपये, ए. आर. बरवास से छान बाससूर्या के लिए 185 लाख रूपये, गणेती से गाणोली के लिए 95 लाख रूपये, सांखना से भंवरखो सडक़ के लिए 20 लाख रूपये तथा मेहन्दवास से अमीनपुरा सडक़ के लिए 80 लाख रूपये की राशि से स्थायी मरम्मत कार्यों की स्वीकृति जारी की गई है। टोंक से पीसीसी सचिव सउद सईदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, जिला संगठन महासचिव दिनेश चौरसिया, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद बेग, कैलाशी देवी मीणा सहित समस्त मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने पायलट का आभार व्यक्त किया है।

# सायला पुलिस की बड़ी कार्रवाई - डोडा-पोस्त तस्करी का पर्दाफाश, स्कॉर्पियो व स्वीफ्ट कार जब्त, चालक गिरफ्तार

हमारा समाचार

**जालोर ।** सायला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा-पोस्त तस्करी का बड़ा भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई ने नशे के नेटवर्क की जड़ों को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने इस दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन से भारी मात्रा में डोडा-पोस्त बरामद किया, वहीं रैकी के लिए प्रयुक्त एक सफेद स्वीफ्ट कार को भी जब्त किया गया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य तस्करों की तलाश जारी है।यह पूरी कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक छैलेंद्र सिंह इन्दोलिया के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम और डिप्टी गौतम जैन के पर्यवेक्षण तथा सायला थाना अधिकारी महिपाल सिंह के नेतृत्व में की गई।



### सुबह तड़के हुआ हादसा, खुला तस्करी का राज

मंगलवार तड़के सायला-जीवाणा हाईवे पर वालेरा गांव के पास नशे के कारोबार से जुड़ी एक बड़ी घटना सामने आई। एक ब्लैक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्रामीणों ने जब पास जाकर देखा, तो वाहन में बड़ी मात्रा में डोडा-पोस्त भरा हुआ था। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।सायला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। जांच के दौरान वाहन से प्लास्टिक की 10 प्लास्टिक कट्टे में बरामद हुईं, जिनमें करीब 201 किलो डोडा-पोस्त भरा हुआ था। पुलिस ने तत्काल वाहन को जब्त कर लिया और माल को सील किया।

### स्वीफ्ट कार करती थी रैकी :-

जांच में खुलासा हुआ कि यह स्कॉर्पियो किसी बड़े तस्करी नेटवर्क का हिस्सा थी और इसके आगे एक सफेद स्वीफ्ट कार चल रही थी, जो रास्ते की निगरानी और पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने का काम कर रही थी। पुलिस ने उस स्वीफ्ट कार को भी जब्त कर लिया और उसमें सवार एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रायचन्दराम पुत्र डालूराम, निवासी बायतू, जिला बालोतरा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### तस्करों ने मौके से बोरे ले गए

ग्रामीणों और चश्मदीदों के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद एक सफेद कैंपर गाड़ी मौके पर पहुंची थी। उसमें सवार कुछ लोग दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से कुछ बोरे निकालकर ले गए और फरार हो गए। इस सूचना के बाद पुलिस ने कैंपर वाहन और उससे जुड़े लोगों की तलाश तेज कर दी है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह आशंका है कि इस तस्करी में कई वाहन और लोग शामिल थे। पूरा नेटवर्क संगठित गिरोह के रूप में काम करता था। इस गिरोह के तार जालोर, सिरोही, पाली और बाड़मेर जिलों तक फैले होने की संभावना जताई जा रही है।

### पुलिस जुटी जांच में :-

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने बिशनगढ़ थानाधिकारी निम्बसिंह को जांच सौपी ,जो इस पूरे तस्करी नेटवर्क की तहकीकात कर रही है। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसका गंतव्य स्थल कौन सा था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि स्कॉर्पियो और स्वीफ्ट वाहन किसके नाम पंजीकृत हैं।थानाधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि बरामद डोडा-पोस्त की मात्रा काफी अधिक है और संभावना है कि यह खेप राज्य के अन्य जिलों या पड़ोसी राज्यों में सप्लाई की जानी थी। फिलहाल पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

### नशे के कारोबार पर बड़ा झटका :-

यह कार्रवाई जिले में चल रहे अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत की गई है। पुलिस की इस सफलता ने नशे के कारोबार पर बड़ा झटका दिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने में मील का पत्थर साबित होगा।ग्रामीणों ने बताया कि इस हाईवे पर रात के समय संदिग्ध वाहनों की आवाजाही पहले भी देखी जाती रही है, लेकिन पहली बार इतनी बड़ी खेप बरामद हुई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और लोग नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर चिंता जता रहे हैं।

### पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय

सायला पुलिस की टीम थानाधिकारी महिपालसिंह, एएसआई बाबूलाल साहू , कांस्टेबल लक्ष्मणराम , रामदेवसिंह, बीरबलराम, सीताराम और अशोक कुमार ने इस पूरी कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस इस तस्करी नेटवर्क के बाकी सदस्यों तक पहुंचने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।सायला पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जिला पुलिस अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। हादसे के बहाने उजागर हुई यह तस्करी अब बड़े नेटवर्क के खुलासे का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। आने वाले दिनों में पुलिस की जांच से इस संगठित गिरोह के और कई राज खुलने की पूरी संभावना है। यह पूरा मामला न केवल जिले में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने में अहम साबित होगा, बल्कि यह पुलिस के बढ़ते तकनीकी कौशल और सक्रियता का भी प्रमाण है।

## बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रै-मासिक बैठक का आयोजन

हमारा समाचार

**टोंक।** शिव शिक्षा समिति रानोली द्वारा एमपावर के सहयोग से संचालित युवा सशक्तिकरण परियोजना के तहत पंचायत समिति हतौना में पंचायत स्तर पर बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रै-मासिक बैठक का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी पूनम जोनवाल ने संस्था व परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि युवा सशक्तिकरण परियोजना के तहत 4 पंचायत के 15 गाँव में परियोजना संचालित है व बाल संरक्षण तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बाल अधिकारिता विभाग, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन, पंचायत स्तर पर बाल कल्याण



संरक्षण समिति आदि तंत्र बच्चों व किशोर, किशोरियों की सुरक्षा के लिए काम करता है, किसी भी तरह की समस्या होने पर यहाँ शिकायत कर सकते हैं, जिससे समस्या का समाधान हो सके। सरपंच पति छोटूलाल गुर्जर ने बताया कि पंचायत स्तर पर बाल कल्याण संरक्षण समिति के त्रै-मासिक बैठक में बाल सरंक्षण तंत्र के मुद्दों पर जानकारी देना अत्यंत महत्वपूर्ण है व एएनएम सुमन जैन ने बताया कि किशोर-किशोरियों के लिए पंचायत स्तर पर बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रै-मासिक बैठक में किशोर-किशोरियों की जो भी समस्या आयेगी, उसका समाधान किया जाएगा। साथ ही बाल संरक्षण मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा। छात्रा प्रतिनिधि सदस्य पायल बैरवा ने बताया कि पंचायत स्तर पर बाल कल्याण समिति त्रै-मासिक बैठक में बाल संरक्षण तंत्र व बाल संरक्षण के मुद्दे बाल विवाह, माहवारी, जेंडर भेदभाव आदि मुद्दों को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चर्चाएं करना बहुत ज़रूरी है। तभी किशोर-किशोरियाँ जागरूक हो पाएंगे। इस दौरान सदस्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सामाजिक कार्यकर्ता, वार्ड मेंबर, छात्र प्रतिनिधि लक्षमण सैनी, छात्रा प्रतिनिधि पायल बैरवा व अन्य सदस्य व संस्था कार्यकर्ता बिना बैरवा आदि उपस्थित रहे।

## मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह का किया मासिक निरीक्षण

हमारा समाचार

**टोंक।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा विमंदित गृह जगदीश सेवा संस्थान टोंक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें 27 बालकों का रजिस्ट्रेशन होकर कुल 17 बालक उपस्थित पाए गए, शेष बालकों का दीपावली पर्व में अपने परिजन के पास जाना जाहिर किया गया। दौरान संस्थान की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। भवर के परिसर की



रसोई घर की साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को देखा गया, बालकों के शयनकक्ष का निरीक्षण किया। शदर ऋतु प्रारंभ हो चुकी है इस बाबत् मौसम के अनुरूप भोजन कपड़े बिस्तरों इत्यादि की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश द्वारा विमंदित पुनर्वास गृह, में निरीक्षण के दौरान बच्चों की शिक्षा के बारे में जानकारी, भोजन की गुणवत्ता, डाईट स्केल, मनोविज्ञानी व स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान संस्थान के रजिस्टर्स आदि की भी जाँच की एवं बालकों के उनके शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य एवं पोषक आहार दिए जाने बाबत् उपस्थित केयरटेकर विनोद कुमार को दिशा-निर्देश प्रदान किये गए।

## भारत विकास परिषद के तत्वावधान में 'गुरु वंदन-छात्र अभिनन्दन' कार्यक्रम के चतुर्थ चरण का भव्य आयोजन

### सफलता के लिए समर्पण का होना अति आवश्यक - डॉ.तंवर

हमारा समाचार

**नीमकाथाना।**भारत विकास परिषद के तत्वावधान में "गुरु वंदन-छात्र अभिनन्दन" कार्यक्रम के चतुर्थ चरण का भव्य आयोजन आज दिशा स्कूल में किया गया.कार्यक्रम का आरंभ मा भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गायन से हुआ. कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ जी एस तंवर एवं उपाध्यक्ष चौथमल गर्ग द्वारा संस्था के पांच शिक्षकों का श्रीफल, अंगवस्त्र, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह द्वारा और महा सचिव दिनेश गोयल द्वारा टॉपर विद्यार्थियों का प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया. शाखा अध्यक्ष डॉ.जी.एस.तंवर ने कहा कि सफलता के लिए समर्पण का होना बहुत आवश्यक है. यदि किसी कम आई.क्यू. वाले विद्यार्थी में पढ़ाई के प्रति समर्पण है , तो वह भी



बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकता है. बोर्ड परीक्षा में कम अंक लाने वाला भी कठिन परिश्रम से द्धुस बन सकता है। डॉ तंवर ने कहा कि जीवन सभी परीक्षाओं से बढ़कर है। हार -जीत, फेल-पास जीवन का एक हिस्सा हैं। मेहनत करने के बाद भी कई बार सफलता हासिल नहीं होती। ऐसे में निराश नहीं होना चाहिए। पुनः प्रयास करना चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों को फास्ट फूड से बचने, मोटा अनाज खाने, नशे से बचने, भारतीय संस्कृति की पालना करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने के लिए प्रेरित कियामहासचिव दिनेश गोयल ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ कठिन परिश्रम करने व शिक्षकों के प्रति आदर भाव रखने की प्रेरणा दी. मनोज गुप्ता अध्यक्ष श्री हनुमान गौशाला, गांवड़ी ने सभी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई. इस दौरान विजय शर्मा, अध्यक्ष श्री गालव गौशाला, गणेश्वर, परिषद के कोषाध्यक्ष जयसिंह भगोठ, वित्त सचिव नितेश अग्रवाल, निदेशक रवि गुप्ता व डॉ रवींद्र शर्मा उपस्थित रहे.

## जिला कलेक्टर ने मौके पर ही करवाई बुज़ुर्ग की पेंशन चालू

हमारा समाचार

**कोटपूतलीबहरोड़** ।राज्य सरकार और जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संकल्पबद्ध एवं निरन्तर प्रयासरत हैं. सेवा शिविरों के माध्यम से जहां नियमित रूप से समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है वहीं मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुजुर्ग बंशी राम (72) निवासी डूंगरिया, नारायणपुर ने जिला कलक्टर के समक्ष वृद्धावस्था पेंशन शुरू करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

लाभार्थी बंशी राम की वृद्धावस्था पेंशन एक साल से राज्य से बाहर होने कारण बंद हो गई थी, जिससे उनका भुगतान भी एक साल से बंद था। प्रार्थी एवं उनकी पत्नी ने बताया कि वे मूल स्थान से अन्यत्र कार्य हेतु प्रस्थान कर गये थे। इस पर जिला कलक्टर ने तत्काल कार्यवाही करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला अधिकारी विपिन को बुजुर्ग की पेंशन संबंधी समस्या का तुरंत समाधान कराने के निर्देश दिये। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने निदेशालय स्तर



से सम्पर्क कर बुजुर्ग की पेंशन शुरू करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाई एवं मौके पर ही विभाग के कार्मिक सुरेन्द्र दौराता, शुभम एवं मनीष ने मोबाइल एप से पेंशनर का वार्षिक सत्यापन करते हुए बुजुर्ग की समस्या का मौके पर ही समाधान किया. बुजुर्ग दम्पती ने इस पर सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।

## आईटी विभाग का स्नेह मिलन समारोह 25 अक्टूबर को, नवपदस्थापित सूचना सहायकों का होगा सम्मान



हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ, सीकर की ओर से नवपदस्थापित सूचना सहायकों एवं सहायक प्रोग्रामर के पद पर पदोन्नत साथियों के सम्मान के साथ दिवाली स्नेह मिलन समारोह 25 अक्टूबर (शनिवार) को आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार को पंचायत समिति नीमकाथाना के वीसी रूम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक में पदस्थापित सूचना सहायक, सहायक प्रोग्रामर और प्रोग्रामरों ने भाग लिया।बैठक में आईटी यूनियन सीकर के जिला अध्यक्ष राकेश थालौड़ के साथ नरेंद्र, महावीर बुरड़क, प्रभात और धमेन्द्र ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को जिला स्तर पर होने वाले इस आयोजन में सभी नव नियुक्त और पदोन्नत साथियों का सम्मान किया जाएगा।बैठक में प्रोग्रामर गुलाबचंद कुमावत, सहायक प्रोग्रामर कमल मीणा, विनोद दायमा, विजय सिंह, सत्यवीर, सूचना सहायक अशोक महरानिया (ब्लॉक अध्यक्ष), सुरेश गुर्जर, सुरेंद्र भावरिया, दीपक जागिड़, विजय सिंह, कैलाश स्वामी, तथा नवनियुक्त सूचना सहायक राजेश, महेंद्र, प्रियंका सैनी, करिश्मा भामू, संदीप, दीपेंद्र सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर सभी साथियों ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## रसद विभाग ने माप-तौल के संबंध में बहरोड़ एवं नीमराना के 8 प्रतिष्ठानों पर की जांच लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत 3 प्रतिष्ठानों पर 10 हजार के बनाए चालान



हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़** ।उपभोक्ताओं को सही माप-तौल के अनुसार सामग्री उपलब्ध करवाने एवं माप-तौल में धोखाधड़ी पर नियंत्रण के लिए जिला रसद अधिकारी शशिशेखर शर्मा के निर्देशन में प्रवर्तन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह एवं विधिक माप विज्ञान अधिकारी रमन यादव के द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान बहरोड़ शहर एवं नीमराना में 8 प्रतिष्ठानों में माप तौल यंत्रों की जांच की गई, जिसमें निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 3 प्रतिष्ठानों पर 10 हजार का चालान बनाया गया.कार्रवाई के दौरान लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत बहरोड़ के हिंदुस्तान डिपार्टमेंटल स्टोर पर 2 हजार, घीलोट के संपूर्णा फूड इंडस्ट्रीज पर 6 हजार एवं नीमराना के खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी पर 2 हजार के चालान बनाए गए.।

## सांभर उपजिला अस्पतालः सोनोलॉजिस्ट का पद रिक्त, धूल फांक रही मशीन

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** यहां उपजिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि सोनोलॉजिस्ट का पद रिक्त है। पहले जब मशीन उपलब्ध नहीं थी, तब अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर कार्यरत थे, लेकिन अब मशीन आ जाने के बाद से ही यह पद खाली है सोनोलॉजिस्ट का तबादला हो जाने से यह रिक्त खाली पड़ा है जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी सुविधा के अभाव में गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को जांच के लिए बाहर से मुहं मांगे रकम देने को मजबूर है लेकिन प्रशासन इस और अपनी आंखें बंद कर बैठा है इससे न केवल उन्हें अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ रहा है, बल्कि समय पर जांच न होने के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही है। सांभर उपजिला अस्पताल में आउटडोर औसतन एक हजार मरीज से ज्यादा है।जिसके चलते मरीजों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## नवनियुक्त एसएचओ कश्मीर सिंह का माला-साफा पहनाकर स्वागत

**हमारा समाचार**

**पावटा।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशानुसार हाल ही में प्रागपुरा थाना प्रभारी का पदभार संभालने वाले कश्मीर सिंह का मंगलवार को भाजपा मंडल महामंत्री मिंटू शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिंटू शर्मा एवं उपस्थित ग्रामीणों ने नव नियुक्त एसएचओ कश्मीर सिंह को माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा उन्हें हनुमान चालीसा भेंट की। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह मुकेश कुमार सोनी ने कश्मीर सिंह का स्वागत करते हुए कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसएचओ कश्मीर सिंह ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान मुकेश सोनी, रवि पंडित, छोटूराम सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## रेल यात्रा के दौरान पटाखे, विस्फोटक व ज्वलनशील वस्तुएं लेकर यात्रा न करें नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना या कैद, दोनों का है प्रावधान



**हमारा समाचार**

**फुलेरा।** रेलवे द्वारा दीपावली पर यात्रियों द्वारा ट्रेनों में पटाखे, विस्फोटक अथवा कोई भी ज्वलनशील वस्तु लेकर यात्रा करने पर सख्त कार्यवाही की जा रही है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार रेलवे संरक्षित और सुगम रेल संचालन के लिए प्रतिबद्ध है और यात्रियों की संरक्षा और सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्री संरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे द्वारा निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। दीपावली के त्यौहार पर यात्री ज्वलनशील पदार्थ जैसे पटाखे, पेट्रोलियम पदार्थ, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, माचिस, स्टोव, लाइटर, सूखी झाडिया और पत्ते इत्यादि लेकर सफर करते है जो कि रेल यात्रा के दौरान प्रतिबंधित है और यह सब खतरनाक है और यात्रियों की संरक्षा को प्रभावित करता है। एक छोटी चिंगारी भी विकराल रूप ले सकती है और जानमाल को भारी नुकसान हो सकता है।रेलवे ने सभी ट्रेनों के डिब्बों में ज्वलनशील वस्तुओं के साथ यात्रा नहीं करने की चेतावनी के स्टीकर लगाए है जिनपर नियमों के उल्लंघन पर निर्धारित सजा के प्रावधानों का उल्लेख भी किया गया है।रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 67, 164 और 165 के अनुसार, रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील और विस्फोटक सामग्री ले जाना एक दंडनीय अपराध है, अगर यात्री ऐसा करते पाए गए तो 1,000 तक का जुर्माना या तीन साल तक की कैद या दोनों का प्रावधान है।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर में प्रदेश में अग्रणी रहा कोटपूतली, एसडीएम बृजेश चौधरी और तहसीलदार रामधन गुर्जर होंगे राज्य स्तर पर सम्मानित

### लक्ष्य से अधिक 127.65% उपलब्धि हासिल कर कोटपूतली उपखंड और तहसील ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**हमारा समाचार**

**कोटपुतली बहरोड़।** राजस्थान सरकार के भू-प्रबंध आयुक्तालय, जयपुर द्वारा जारी आदेशानुसार फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के दौरान फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति हेतु संस्थागत प्रोत्साहन योजना (मोटीवेशन स्कीम) के तहत 31 जुलाई 2025 तक उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, उपखंडों और तहसीलों को सम्मानित किया जाएगा। अप्रूवल के आधार पर जिला, उपखंड एवं तहसीलों की रैंकिंग की गई है.व्यक्तिगत पुरस्कार योजना में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले जिलों, उपखंडों एवं तहसील का चयन किया गया है। योजना के तहत न्यूनतम 92.5 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त करने वाले 41 जिलों में अप्रूवल के आधार पर रैंकिंग अनुसार प्रत्येक जिले के



शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पात्र कुल 29 तत्कालीन उपखंड अधिकारियों का चयन



हुआ है. इसी क्रम में जिले के उपखंड कोटपुतली ने फार्म रजिस्ट्री में स्वीकृति के प्रतिशत के आधार पर लक्ष्य के विरूद्ध 127.65' की उपलब्धि हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. साथ ही पर्सनल अवॉर्ड स्कीम में न्यूनतम 95' से अधिक लक्ष्य प्राप्त करने वाले 41 जिलों में अप्रूवल के आधार पर रैंकिंग अनुसार प्रत्येक जिले के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पात्र कुल 26 तत्कालीन तहसीलदारों का भी चयन किया गया है. जिसके अन्तर्गत स्वीकृति के प्रतिशत के आधार पर जारी रैंकिंग में तहसील कोटपुतली ने लक्ष्य के विरूद्ध 127.65' की उपलब्धि हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. जिलों की रैंकिंग में जिले ने नौवां स्थान प्राप्त किया है।उल्लेखनीय प्रदर्शन के आधार पर उपखंड अधिकारी, कोटपूतली बृजेश चौधरी एवं तहसीलदार रामधन गुर्जर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने उपलब्धि हेतु जिला प्रशासन, संपूर्ण राजस्व टीम, ग्राम स्तरीय कार्मिकों तथा विभागीय समन्वय का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस थाना सांभरलेक की कार्यवाही - जन्मदिन पार्टी में हंगामा, 6 युवक गिरफ्तार

**हमारा समाचार**

**सांभरलेक।** थाना सांभरलेक पुलिस ने रात न्यू मार्केट क्षेत्र में हुई अशांति के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 युवकों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि न्यू मार्केट सांभरलेक में कुछ युवक झगड़ा कर रहे हैं और माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना पर हेड कांस्टेबल कालूराम मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां पर काफी भीड़ जमा थी। जांच में सामने आया कि




लोकेश गौड़ का जन्मदिन मनाया जा रहा था, जिसमें पटाखे चलाने और हंगामा करने से आसपास के लोगों ने आपत्ति जताई। समझाने के बावजूद युवकों ने शोर-शराबा बंद नहीं किया, जिससे माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने मौके से छह युवकों को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार आरोपियों में**

1लोकेश गौड़ पुत्र महेशचंद शर्मा (22) निवासी दरबार स्कूल रोड, सांभरलेक

2प्रीतम सोनी पुत्र कुंज बिहारी (22) निवासी चौबदारों का मोहल्ला, वार्ड 19, सांभरलेक

3मयंक व्यास पुत्र विकास व्यास (18) निवासी कॉलेज रोड, जम्बो फाइनेंस के ऊपर, सांभरलेक

4मौसिन पुत्र अब्दुल

## जिला पुलिस की अवैध हथियार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

### अवैध फायर आर्म्स रखने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार01 देशी पिस्टल व 05 जिन्दा कारतूस किये बरामद



**हमारा समाचार**

**कोटपूतली बहरोड़ ।**जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश द्वारा असामाजिक तत्वां की धरपकड़, गिरफ्तारी व लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही हेतु थाना स्तर पर चलाये गये एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने अवैध फायर आर्म्स हथियार रखने वालों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालां के खिलाफ अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतु एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में एसएचओ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीमां का गठन किया गया। टीमों द्वारा अवैध गतिविधियां की चैकिंग एवं बदमाषों की निगरानी करते हुये अभियुक्त तेजभान उर्फ खत्री (22) पुत्र रामकरण गुर्जर निवासी बालाजी मंदिर के पास पनियाला थाना के कब्जे से 01 देशी पिस्टल व 05 जिन्दा कारतूस जप्त कर अभियुक्त तेजभान उर्फ खत्री के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया। मुलजिम से जप्तशुदा अवैध हथियारों के सम्बंध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा हैं। उक्त कार्यवाही में कानि. विक्रम की विशेष भूमिका रही।

## जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित,कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष पद के लिए बायोडाटा व कार्यकर्ताओ से ली राय

**हमारा समाचार**

**रामपुरा डाबडी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा "संगठन सृजन अभियान" के अन्तर्गत जयपुर देहात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चयन के लिए बैठक का आयोजन हुआ।बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एआईसीसी पर्यवेक्षक विजय इन्द्र सिंघला की अध्यक्षता मे आमेर व रामपुरा डाबडी दोनों ब्लॉकों की बैठक आयोजित हुई।जिसमे मौजूद कार्यकर्त्ताओ से जयपुर देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए बायोडाटा लिए गए व कार्यकर्ताओ से जिलाध्यक्ष पद के लिए योग्य उम्मीदवार के लिए राय ली गई। सर्जन अभियान मे प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जयपुर जिला देहात प्रभारी



आर सी चौधरी,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल मीणा,प्रदेश समन्वयक उम्मेदाराम बेनीवाल,रघुवीर सिंह राठौड़ व विधानसभा प्रभारी पुष्पेंद्र मीणा, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा की मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक गंगासहाय शर्मा,प्रदेश महासचिव प्रतिष्ठा यादव,उप जिला प्रमुख मोहन डागर,राष्ट्रीय सचिव संजीता सिहाग,रामपुरा सरपंच शैलेश बोहरा,एससी प्रकोष्ठ से चिरंजी लाल बुनकर,प्रदेश सचिव मोहन चौहान राजावास मंडल अध्यक्ष मनीष गुलिया, राधेश्याम चितानु,लल्लूराम मास्टर, ओमप्रकाश कांदेला,भरत शर्मा,भरत बुनकर,सहित ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल भुखल,पदाधिकारी,एआईसीसी सदस्य,जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य राधेश्याम सैनी,सभी अग्रिम संगठनो व सेवादल,महिला कांग्रेस,यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई छात्र संगठन के पदाधिकारी एवं विधानसभा के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भौनावास के शहीद अग्निवीर भीम सिंह का सैन्य एवं राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

### ग्राम भौनावास में परिजनों, जनप्रतिनिधियों और हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**हमारा समाचार**

**कोटपूतलीबहरोड़ ।** उत्तराखंड के हर्षिल घाटी आर्मी कैंप के पास 5 अगस्त 2025 को बादल फटने की प्राकृतिक आपदा के बाद धराली में चलाए गए बचाव ऑपरेशन के दौरान भू-स्खलन में लापता हुए 20 वर्षीय अग्निवीर भीम सिंह शेखावत का पार्थिव शरीर मंगलवार को उनके पैतृक गांव भौनावास पहुंचा जहां सेना द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए उनके शव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद जयपुर ग्रामीण राव राजेन्द्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला



कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, पावटा एसडीएम साधना शर्मा, एसीईओ सुशीला यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ऋषिदेव यादव सहित जिला प्रशासन के अधिकारी और सैन्य टुकड़ियां और हजारों की संख्या में आमजन शामिल थे. प्रागपुरा थाने से ग्राम भौनावास में शहीद के घर तक तिरंगा



रैली निकाली गई जिसमें ग्रामीणों ने पार्थिव देह पर पुष्प वर्षा कर अग्निवीर को श्रंद्धाजलि दी.श्री राठौड़ ने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी वीरता और कर्तव्यपरायणता सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। भारतीय सेना में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, उन्होंने वर्दी का मान बढ़ाया है। शहीद के परिजनों को इस शोकाकुल समय में सहनशीलता एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए कहा कि सरकार और भारतीय सेना उनके परिजनों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ऋषिदेव यादव ने बताया कि भीम सिंह इस प्राकृतिक आपदा से करीब 9 महीने पहले 14 राजपूताना राइफल्स में बतौर अग्निवीर भर्ती हुए थे। यह उनकी पहली पोस्टिंग थी।

## बोराज की एस एस स्कूल में दीवाली उत्सव मनाया

**हमारा समाचार**

**बोराज।**बोराज स्थित एस एस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को संस्था निदेशक डॉ राजेश कुमावत के निर्देशन में दिवाली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने पूरे स्कूल परिसर की सजावट की और रंगोली बनाई।विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाए। शिक्षकों ने बच्चों को दिवाली पर रखी जाने वाली सावधानीयों से अवगत करवाया। संस्था निदेशक डॉ राजेश कुमावत ने सभी बच्चों को दिवाली पर्व के महत्व को ध्यान मे रखकर पटाखों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूक भी किया।प्राचार्या डॉ प्रतिभा ताहिलियानी ने सभी बच्चों को दिवाली की बधाई दी।



## जोबनेर की जे एस सी स्कूल में राजस्थान स्टेट ग्रापलिंग रेशलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित



**हमारा समाचार**

**बोराज।** जोबनेर की बबेरवालो की ढाणी स्थित जे एस सी स्कूल में ग्रेपलिंग कमेटी आफ राजस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय राजस्थान स्टेट ग्रापलिंग रेशलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्टेट लेवल की इस पांचवीं खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओबीसी मोर्चा एवं फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने किया।जे एस सी स्कूल निदेशक एवं गरेपलिंग कमेटी आफ राजस्थान के सचिव महेश कुमावत , संस्था अध्यक्ष बिरदीचंद कुमावत सहित विधालय परिवार ने अतिथियों का राजस्थानी परम्परा के मुताबिक साफा पहनाकर,माल्यार्पण, एवं प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संस्था निदेशक महेश कुमावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के 15 जिलों की टीमों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में विभक्त किया गया। जूनियर श्रेणी में 17से 19 साल तक की आयु के खिलाड़ी, सीनियर श्रेणी में 18से 35 साल की आयु तथा वेटरनरी श्रेणी में 35 साल से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ीयो को रखा गया। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग के खिलाड़ीयो को शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में जयपुर की टीम प्रथम स्थान पर रहीं। दुसरे स्थान पर अलवर जिला, तीसरे स्थान पर नागौर जिले की टीम रही। निदेशक महेश कुमावत ने बताया कि खेल प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में बेहद उत्साह नजर आया। खिलाड़ियों ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रतियोगिता के खिलाड़ी शुभम चौधरी, मुस्कान गुर्जर, सिद्धी प्रजापत, राहुल चौधरी को गोल्ड मेडल दिया गया। इसी प्रकार अशौक गोदारा, मनीष गोदारा,शिवराम, आशुतोष कुमावत को सिल्वर मेडल,गौरव चौधरी, रविकांत दायमा,अभय सिंह चौहान को ब्रोंज मेडल दिया गया। इस खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलेंगे।राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश राज्य के गोंडा जिले में आयोजित होंगी।

# तिरंगे में लिपटा लौटा लालः 14 राजपूताना राइफल्स के अग्निवीर भीम सिंह को सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

### आठ महीने पहले ही सेना में भर्ती हुए थे, पहली पोस्टिंग पर ही देश की रक्षा में न्योछावर कर दिया अपना जीवन

### पुष्पांजलि के दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह अचानक गिर पड़े

**हमारा समाचार**

**पावटा।** देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूत अग्निवीर भीम सिंह (19) को मंगलवार को उनके पैतृक गांव भौनावास में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। चारों ओर ''भारत माता की जय'' और ''वीर जवान अमर रहे'' के नारों से वातावरण गूंज उठा। पूरा गांव शोक और गर्व की मिश्रित भावना में डूब गया। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में 5 अगस्त को बादल फटने की भीषण आपदा आई थी। इस हादसे में हर्षिल स्थित आर्मी कैंट के कई जवान लापता हो गए थे। इन्हीं में भौनावास निवासी अग्निवीर भीम सिंह, जो 14 राजपूताना राइफल्स में शामिल थे। कुछ दिन पहले सेना को एक शव बरामद हुआ था, जिसकी डीएनए रिपोर्ट से पहचान भीम सिंह के रूप में हुई। सेना के सीओ हर्षवर्धन सिंह ने परिजनों को इसकी सूचना दी। मंगलवार अलसुबह लगभग 5:25 बजे शहीद का पार्थिव शरीर एम्बुलेंस के माध्यम से सेना के जवानों द्वारा प्रागपुरा पुलिस थाने पर लाया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके बाद पार्थिव देह को प्रागपुरा से भौनावास (9 किमी) तक तिरंगा यात्रा के रूप में ले जाया गया।




सैकड़ों युवाओं ने पैदल और बाइक रैली में भाग लिया। पूरा मार्ग ''भारत माता की जय'' और ''वीर जवान अमर रहे'' के नारों से गूंज उठा। ग्राम भौनावास स्थित राजकीय विद्यालय व पीएचसी के समीप शहीद अग्निवीर भीम सिंह का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने सलामी दी और चचेरे भाई अमन सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। जैसे ही अंतिम संस्कार की अग्नि प्रज्ज्वलित हुई, पूरा क्षेत्र गम और गर्व की भावना में डूब गया। शहीद को श्रद्धांजलि देने पहुंचे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें निजी वाहन से पावटा उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां वरिष्ठ चिकित्सकों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया



जा रहा है। उनकी स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है। शहीद की अंतिम यात्रा में केंद्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद राव राजेंद्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसुर विधायक देवी सिंह, और विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़, प्रेमसिंह बाजौर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि "अग्निवीर भीम सिंह की शहादत न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व की बात है। ऐसे वीर सपूतों के ऋण को भारतवर्ष कभी नहीं भूल सकता।" भीम सिंह ने 1 नवंबर 2024 को भारतीय सेना में प्रशिक्षण शुरू किया था और 5 जून 2025 को ट्रेनिंग पूर्ण की थी। इसके बाद उन्हें 14 राजपूताना राइफल्स में हर्षिल कैंट (उत्तराखंड) में पहली पोस्टिंग मिली थी। महज आठ महीने की सेवा में ही उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद के पिता महेश सिंह किसान हैं, जबकि माता विनोद कंवर बीपी की मरीज हैं। बड़ा भाई कंवरपाल सिंह (23) ने बताया कि वे भी सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि "भाई ने देश के लिए जान दी है, अब मैं भी उसी राह पर चलना चाहता हूं।" अंतिम संस्कार में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम डॉ. साधना शर्मा, एसपी देवेन्द्र कुमार विश्नोई, एएसपी वैभव शर्मा, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत, प्रागपुरा एसएचओ कश्मीर सिंह, भाभरू एसएचओ अंकित सामरिया, जिला सीएमचों आशीष सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सत्ताईसा राजपूत समाज अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी, पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता तारा पूतली, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, नगरपालिका उपाध्यक्ष नरपत सिंह, युवा नेता महेश यादव, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, धूड़सिंह शेखावत, मालिराम बाडिगर, कमल यादव, बद्री प्रसाद चौहान, भूरीभड़ाज प्रशासक कैलाश चंद स्वामी, योग गुरू पूरणमल यादव, विकास यादव, हरिद्वारी लाल स्वामी, धर्मसिंह भैंसलाना, नागेन्द्र सिंह, बाबूलाल सैनी, पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी, रूपसिंह शेखावत, अनिल शर्मा, पंकज यादव, बृजपाल सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जब सेना ने अंतिम सलामी दी, तब पूरा गांव ''जय हिंद! वीर जवान अमर रहे!'' के नारों से गूंज उठा। हर व्यक्ति की आंखें नम थीं, लेकिन हृदय गर्व से भरा हुआ था। अग्निवीर भीम सिंह की शहादत ने न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे क्षेत्र को प्रेरणा और गौरव से भर दिया।

## संपादकीय

# बड़े उद्योगों की जवाबदेही

## कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य निर्धारित

लगातार ग्लोबल वार्मिंग संकट से जूझती दुनिया में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर नियंत्रण की दिशा में भारत सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरूआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ऐसे में, जो उत्पादन इकाइयां अपने निर्धारित लक्ष्य से कम कार्बन का उत्सर्जन करती हैं, वे व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली इकाइयों को भारतीय कार्बन बाजार से समतुल्य क्रेडिट खरीदना होगा या फिर जुमार्ना देने को बाध्य होना होगा। दरअसल, एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी एवं कागज आदि क्षेत्रों की 282 औद्योगिक इकाइयों को 2023-24 के आधार रेखा स्तर से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पहले अनुपालन चक्र में कुछ बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांता, हिंडाल्को, नाल्को और बाल्को द्वारा संचालित एल्युमीनियम स्मेल्टर और अल्ट्राटेक, डालमिया, जे.के सीमेंटे,श्री सीमेंट और एसीसी के स्वामित्व वाले बड़े सीमेंट संयत्र शामिल हैं। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है कि बड़े औद्योगिक घरानों को हरित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनुकरणीय उदाहरण पेश करना होगा। यदि ये ताकतवर बड़े घराने हरित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सार्थक पहल करते हैं तो आम लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलेगी।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। जिसमें चीन पहले और अमेरिका दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, नये नियम, जो उद्योगों को उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्सहित करते हैं, उनके औद्योगिक प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार ऊर्जा दक्षता योजना पर आधारित हैं। जिसने ऊर्जा-बचत के लक्ष्य निर्धारित किए। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिसे दंड लगाने और समयबद्ध निगरानी व वसूली का काम सौंपा गया है, को कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बड़े औद्योगिक दिग्गजों के प्रतिरोध के लिये पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। यह बात उत्साहजनक है कि भारत ने इस वर्ष पहली छमाही में पहले से कहीं अधिक सौर और पवन ऊर्जा का उत्पादन किया। जबकि इस अवधि के दौरान भारत के बिजली क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में साल-दर-साल आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय गतिविधियों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को जलवायु परिवर्तन का सबसे अहम कारक माना जाता है। हमारा देश, जिसने इस वर्ष ही जलवायु प्रभाव संबंधी आपदाओं की बाढ़ देखी है, को स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास - जलवायु के प्रति संवेदनशीलता कार्बन-तटस्थ भविष्य की ओर बढ़ने के अनुरूप होना चाहिए।

# अमीर खान मुत्ताकी ने परोसी कट्टरता की बानगी

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-



अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की दिल्ली स्थित दूतावास में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कोई महिला पत्रकार मौजूद नहीं थी। पत्रकारों को आमंत्रित करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों पर महिला विरोधी मानसिकता वाली तालिबानी सोच को भारत पर थोपने के आरोप लगाये जा रहे हैं। इस तरह के पक्षपातपूर्ण रवैये को तकनीकी समस्या बताकर अफगानिस्तान के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने सफाई देने की कोशिश की। उनके अनुसार यह नीतिगत फैसला नहीं था बल्कि तकनीकी मुद्दा है जिसे भविष्य में ध्यान में रखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि तालिबान पर लगातार महिलाओं के अधिकारों को कुचलने के आरोप लगाये जाते रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान देखने को मिला। इस घटना पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि दूतावास में होने वाली प्रेस ब्रीफिंग में उनकी कोई भूमिका नहीं थी, यह पूरी तरह से अफगानिस्तान की तरफ से आयोजित की गई थी। ऐसे में अमिर खान मुत्तकी का दौरा पूरा होने के पहले ही विवादास्पद बन गया। प्रेस ब्रीफिंग का मुद्दा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गमार्ते हुए ही उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में हुए उनके दौरे के दौरान महिला पत्रकारों को प्रवेश तो दिया गया मगर उनके लिए तालिबानी शर्त लगा दी गई। दुनिया भर प्रसिद्ध इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद में अमीर खान मुत्ताकी के दौरे के दौरान महिला पत्रकारों से कहा गया कि वे कार्यक्रम के दौरान परदा करके अलग स्थान पर बैठें। आयोजकों ने अपने इस कट्टरपंथी फरमान को परम्परागत व्यवस्था का हिस्सा बताया। ज्ञातव्य है कि इस संस्थान की स्थापना सन् 1866 में की गई थी। मुगुल साम्राज्य का पतन करके अंग्रेजों ने अपनी सत्ता स्थापित की थी। गोरों ने मुस्लिमों की कट्टरपंथी संस्थाओं को बंद करा दिया था। उग्रवादी मुसलमानों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया था। विरोध करने वालों को फांसी की सजा तक दी गई थी। इसी मध्य इस्लाम का नारा बुलंद करके गजवा-ए-दुनिया का ख्वाब देखने वालों ने 30 मई 1866 को एक साथ मिलकर देवबंद में चोरी छुपे एक मजहबी मदरसे की स्थापना की जिसमें पढने वालों ने कालान्तर में अन्य भू भागों में जाकर कट्टरपंथ का इकबाल बुलंद किया। दारुल उलूम में तालीम लेने के लिए दुनिया भर से कट्टरपंथी मुस्लिम परिवारों के नवनिहाल आने लगे जिन्होंने अपनी पढाई पूरी करके अनेक देशों में ऐसे ही मदरसे स्थापित किये। यहीं के छात्र शेख अब्दुल हक ने सन् 1947 में पाकिस्तान के पेशावर से लगभग 55 किलोमीटर दूर अकोरा खटक में दारुल उलूम हक्कानिया की स्थापना। देवबंद के दारुल उलूम के सिद्धान्तों पर चलने वाले हक्कानिया मदरसों ने अफगानस्तान में कट्टरपंथियों को संरक्षण दिया और उनके अनेक प्रभावशाली युवाओं को अपने मदरसे के अलावा देवबंद भेजकर भी इस्लाम के कठोर संस्करणों में ढालने की पहल की। शेख अब्दुल हक की मौत के बाद उनके बेटे समी उल हक ने सन् 1988 में मदरसे की कमान संभाली। मदरसा अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढने लगा। कट्टरता का इकबाल बुलंद करने के लिए अनेक देशों से सहायता, सहयोग और सलाह मिलने लगी। तन, मन और धन की सम्पदा में बेतहाशा इजाफा होता चला गया। परिणामस्वरूप तालिबान नेताओं ने सन् 1990 के दशक में काबुल पर कब्जा कर लिया था। एक अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्र के अनुसार सन् 2001 में अमेरिका ने अफगानस्तान में तालिबान सरकार को सत्ता से हटाने में मदद की तो इस कट्टरपंथी मदरसे और उसके संस्थापक ने आतंकवाद का सहारा लेकर अमेरिका समर्थित सरकार को खौफ के साये में जीने पर मजबूर कर दिया। यही कारण है कि समी उल हक को 'तालिबान का जनक' कहा जाता है। सन् 2018 में समी उल हक की हत्या के बाद उनके पुत्र हामिद उल हक ने मदरसों की कमान संभाली थी और देवबंद के सिद्धान्तों को फैलाने में जुट गये। इस अभियान को देवबंदी आन्दोलन का नाम देकर पूरे पहले दक्षिण एशिया और फिर समूची दुनिया में कट्टरपंथ का विस्तार दिया जाने लगा। विशेषकर पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थापित अब्दुल हक ने दारुल उलूम हक्कानिया में अफगानस्तान के तालिबानियों को सत्ता हासिल करने के लिए खास तौर पर तैयार किया जाता रहा जिसमें देवबंद के उलेमाओं की सक्रिय भागीदारी दर्ज होती रही। ऐसे में अफगानस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी का यह देवबंद दौरा बेहद अहम हो जाता है जहां उन्होंने उलेमाओं के साथ-साथ दारुल उलूम के संचालकों के साथ बेहद गोपनीय चचार्यें भी की। यहां यह भी रेखांकित करना आवश्यक है कि सन् 2021 में अफगानस्तान की सत्ता में तालिबान की वापिसी के बाद अमीर खान मुत्तकी ने ही कार्यवाहक विदेश मंत्री की हैसियत से सन् 2023 के मई महीने में पाकिस्तान का भी दौरा किया था जिसे वहां की सरकार ने बेहद अहम करार दिया था। उस दौरान भी कट्टरता के अनेक उदाहरण समाने आये थे जिस पर अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया ने जमकर टिप्पणी की थी। वास्तविकता तो यह कि भारत के देवबंद स्थित दारुल उलूम और पाकिस्तान के खैबर पख़्तूनख़्वाह वाले दारुल उलूम हक्कानिया में अफगानस्तान सहित दुनिया भर के अनेक कट्टरपंथी संगठनों के सदस्यों ने इस्लाम की बंदिशों को कठोरता से पालन करवाने के फामूर्ले सीखे और उन्हें आतंक की दम पर लागू करवाने में जुट गये। संसार भर में इस्लाम के 72 फिरके हैं यानी इस्लाम को मानने की 72 पद्धतियां व्यवहार में हैं परन्तु कट्टरता के नाम पर सभी एक होकर गजवा-ए-दुनिया के ख्वाब को अपने-अपने ढंग से पूरा करने में लगे हुए हैं। वर्तमान हालातों में अफगानस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद पहली बार अपनी छः दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचते ही तालिबान ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। उनका छुपा हुआ पैगाम संकेतों के रूप में सामने आ रहा है कि यदि हमसे संबंध रखना है तो हमारे साथ हमारे उसूलों पर ही हाथ मिलाना होगा, भले ही हमें अभी तक दुनिया ने पूरी तरह मान्यता नहीं दी हो, मगर हम कमजोर नहीं है। इस संकेत के कारण आज दुनिया भर में अफगानस्तान के तालिबानी विदेश मंत्री का भारत दौरा उनकी कट्टरता, महिलाओं पर पाबंदियों और देवबंद के कारण निरंतर सुर्खियों में बना हुआ है। अमीर खान मुत्ताकी के द्वारा परोसी गई कट्टरता की बानगी को भारतीय संस्कृतियों, संस्कारों और सौहार्द पर तालिबानी हमले के रूप में परिभाषित किया जाने लगा है। ऐसे में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को एक बार फिर अफगानस्तान की तालबान सरकार के रवैये की गहन समीक्षा करके नवीन राय स्थापित करना होगी तभी हाथी के दांतों का अन्तर सामने आ सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नयी आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# नीतीश कुमार की जीत क्या पक्की समझें?

-संजय गोस्वामी-

बिहार चुनाव लेकर जो खबरें मिल रही है उसमें पुनः महागठबंधन गलती पर गलती कर रही है और हर घर मैं नौकरी का वादा तेजस्वी यादव कर रहे है प्रशांत किशोर टी वी और सुर्खियों मैं बने हुए हैं नौकरी देना हर घर मैं किस आधार पर मिलेगा क्योंकि नौकरी के लिए पढ़ाई करना जरुरी है नौकरी किस तरह का होगा ऐ भी घोषणा करना चाहिए क्योंकि शिक्षा ही आपकी नौकरी को सुनिश्चित करती है अतः पहले शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए वहाँ अधिकांश नौकरी शिक्षक की होती है अगर शिक्षा मैं पूर्ण पारंगत नहीं है तो शिक्षक क्या पढ़ाएंगे अतः बेरोजगार को नौकरी मिलना अच्छी बात है लेकिन नौकरी किस पद की मिलेगी क्योंकि हर घर से टैलेंटेड कैंडिडेट तो होंगे नहीं और जो टैलेंटेड नहीं है उसे किस पद पर नौकरी मिलेगी नीतीश कुमार जीत की बुनियाद लिख चुके हैं क्योंकि वो चुपचाप अपना काम कर रहें हैं उनका काम शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर और महिलाओ के लिए एक अच्छा काम हुआ है भाई वो एक इंजीनियर हैं उनको नॉलेज है कहाँ क्या करना है पटना मैं किसी से पूछ लीजिये एक मरीन ड्राइव पटना मैं भी बना है इतना आसान नहीं है रास्ते को तोड़ कर वहाँ पुल का निर्माण करवाना इसलिए उनको सुशासन बाबू कहा जाता है महागठबंधन मैं कई ऐसे दल हैं जो माओवादी विचारधारा के हैं उनका सरकार मैं क्या भूमिका होगी इधर एनडीए मैं बीजेपी और जेडीयू के साथ मिली है तो 150 सीट तक आराम से प्राप्त कर लेगी इधर कुछ सालों मैं ऐसी स्थिति हुई है जो जनता को मालूम है लेकिन मीडिया को नहीं जहाँ मेरा गाँव था वहाँ पैदल पहुंचना एक कठिन चुनौती थी वहाँ कार चली गई गावों मैं बिजली और महिलाओ को बड़ी संख्या मैं नौकरी मिली है इधर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया और उत्तर प्रदेश की चार बार की मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को लखनऊ में बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित विशाल रैली को संबोधित किया और समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने स्मारक स्थलों के रखरखाव के लिए टिकट से मिली राशि का सही उपयोग किया बसपा सुप्रीमो मायावती को काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बीजेपी की तारीफ करना भी बिहार चुनाव मैं महागठबंधन के लिए बुरी खबर है और इससे वहाँ के कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि संविधान की रक्षा हमेशा कांग्रेस ने की है। राहुल गांधी ने संविधान को आम आदमी, गरीब और खासकर दलित समाज के हित में लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मायावती का दलित प्रेम केवल दिखावा है और उनका काम हमेशा दलितों को ठगने तक सीमित रहा है। अजय राय ने कहा कि मायावती की रैली भाजपा द्वारा प्रायोजित है। यह रैली यूपी चुनाव के लिए नहीं बल्कि बिहार चुनाव के लिए आयोजित की गई है, ताकि बीजेपी को लाभ पहुंच सके। अजय राय ने मायावती पर यह भी आरोप लगाया कि मायावती दलित-मुस्लिम विरोधी हैं और भाजपा के कहने पर काम कर रही हैं, जबकि बिहार में दलित कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा हो गया है जहाँ इस मुद्दे पर चुप रहना चाहिए तो मुँह खोलने से और भी विवाद बढ़ेगा क्योंकि बसपा की सुप्रीमो मायावती के बयान के कुछ मायने हैं एक समय उप्र मैं मुख्यमंत्री भी रही है अब इस मुद्दे को योगीजी बिहार के चुनाव मैं याद दिलाएंगे और उप्र और बिहार मैं आधे से अधिक लोगों का पारिवारिक संबंध है और ऐ सब जंगल राज के वजह से हुआ टैलेंट जिसमें था वो जंगलराज मैं बिना पैसे या राजनीति सम्बन्ध ना होने के कारण बाहर बाहर निकलें और वहाँ उनको नौकरी मिली और जो महिला वहाँ थी उसने बिहार का हाल देखकर जंगलराज के डर से उप्र मैं शादी हुआ अतः मायावती के जो विचार थे उसमें सच्चाई भी होगी तभी उसने कहा होगा और बीजेपी को इसका फायदा बिहार चुनाव मैं अवश्य मिलेगा नीतीश कुमार का 2020 मैं उनका सामना उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी और एलजेपी से हुआ जिसमें कई सीटों पर नुकसान हुआ अतः बिहार मैं एनडीए मैं जब चिराग पासवान केंद्रीय मंत्री हैं तो वो भी सोच समझ कर ही निर्णय लेंगे।

# सर्वोच्च संविधान है, न कि न्यायालय और न्यायमूर्ति

-बीपी गौतम-

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर अधिवक्ता राम किशोर द्वारा जूता उछालने की घटना निःसंदेह निंदनीय है लेकिन, न्यायमूर्तियों को भी घटना से सबक लेना चाहिये, उन्हें भी यह समझना चाहिये भारत में संविधान सर्वोच्च है, संविधान ही शक्ति का स्रोत है, न कि कोई संस्था या, किसी संस्था में दायित्व का निर्वहन करने वाला व्यक्ति। संविधान किसी व्यक्ति या, समूह को आहत करने वाली धार्मिक टीका-टिप्पणी करने की अनुमति न्यायमूर्तियों को भी नहीं देता, जबकि बीआर गवई ने तो न सिर्फ व्यक्ति बल्कि, एक बड़े समूह के सर्वोच्च देवता पर ही टिप्पणी कर दी। संविधान उच्चतम न्यायालय को लोकतंत्र की रक्षा करने के लिये असीमित शक्ति देता है, इस शक्ति का दुरूपयोग करने से बचना चाहिये और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने वालों को भी यह संदेश देना चाहिये कि भारत में सर्वोच्च संविधान है, इसलिये देश में प्रत्येक क्रिया-कलाप संविधान के दायरे में ही होना चाहिये, किसी भी कृत्य में निजी इच्छा शक्ति का प्रदर्शन नहीं होना चाहिये, ऐसा होगा तो, कोई न कोई जूते को भी न्याय का पर्याय बताने लगेगा और कुकृत्य पर गौरव की भी अनुभूति करने लगेगा, इस बार बीपी गौतम उच्चतम न्यायालय में हुये घटनाक्रम पर ही चर्चा कर रहे हैं...

यह है ताजा प्रकरण

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर सोमवार को 71 वर्षीय अधिवक्ता राम किशोर ने कथित तौर पर जूता उछालने का प्रयास किया था। घटना के बाद प्रधान न्यायाधीश ने संयम बनाए रखा और न्यायालय कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन सब बातों से विचलित मत होइए, हम विचलित नहीं हैं, इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। घटना के समय सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के एक मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी, इस दौरान राम किशोर ने कहा कि सनातन का अपमान नहीं सहेंगे का नारा लगाया, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया और फिर पुलिस कोर्ट रूम से बाहर ले गई। वकील रामकिशोर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में स्थित डीसीपी कार्यालय में ले जाया गया और पूछताछ की गई, इस घटना के बाद चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट के अधिकारियों, सेक्रेटरी जनरल और सिक्योरिटी इंचार्ज से बात की है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने तत्काल प्रभाव से राम किशोर का लाइसेंस निलंबित कर दिया था।



वकील राकेश किशोर ने कहा कि मैं बरेली में पैदा हुआ, वहीं रहा, मुझे पता है कि बुलडोजर की कार्रवाई उन लोगों पर हो रही है, जिन्होंने अवैध रूप से जमीन पर बड़े-बड़े घर और होटल बनवा रखे हैं, अब अगर ऐसी स्थिति में किसी को लगता है कि बुलडोजर की कार्रवाई उनके खिलाफ है तो, वे सामने आकर कहें कि उनके साथ गलत हुआ है लेकिन, वे ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि यह जानते हैं कि उन्होंने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर रखा है।

परमात्मा ने मुझ से कराया: राम किशोर

आरोपित राकेश किशोर ने मंगलवार को बताया कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, साथ ही उन्होंने वकालत का लाइसेंस निरस्त किए जाने को तुगलकी फरमान करार दिया। वकील राकेश किशोर ने इस घटना को ईश्वरीय कृत्य बताते हुये कहा कि यह सब कुछ मेरे द्वारा नहीं किया गया बल्कि, परमात्मा ने मुझसे कराया, मेरा ऐसा करने का बिल्कुल भी मन नहीं था।

उन्होंने कहा कि मेरी इस हरकत के पीछे एक संदेश छुपा था, जो मैं वहां तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा था। सीजेआई गवई ने 16 सितंबर को एक पीआईएल की सुनवाई की थी, मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है कि आखिर किसने पीआईएल दाखिल की थी, आखिर कौन वकील था?

राकेश किशोर ने कहा कि इस मूर्ति को ठीक करने की मांग जब सीजेआई के सामने उठाई गई तो, उन्होंने कहा कि तुम तो इतने बड़े भगवान के भक्त हो, तुम ही जाकर मूर्ति से कहो कि वो ही कुछ कर लें, मुझे ये टिप्पणी ठीक नहीं लगी, इससे भी ज्यादा दुःख मुझे इस बात का हुआ कि सीजेआई ने याचिकाकर्ता की याचिका खारिज कर दी, इसके बाद अगले दिन इस संबंध में बयान जारी किया गया, ऐसा करके इस पूरे विवाद को विराम देने की कोशिश की गई, हम इस बात पर भी सहमत हो गए लेकिन, इसके बाद उन्होंने तीन दिन पहले मॉरीशस में कह दिया कि बुलडोजर से देश नहीं चलेगा, अब आप सभी को पता है कि बुलडोजर कहां और क्यों चल रहा है? वकील राकेश किशोर ने कहा कि मैं बरेली में पैदा हुआ, वहीं रहा, मुझे पता है कि बुलडोजर की कार्रवाई उन लोगों पर हो रही है, जिन्होंने अवैध रूप से जमीन पर बड़े-बड़े घर और होटल बनवा रखे हैं, अब अगर ऐसी स्थिति में किसी को लगता है कि बुलडोजर की कार्रवाई उनके खिलाफ है तो, वे सामने आकर कहें कि उनके साथ गलत हुआ है लेकिन, वे ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि यह जानते हैं कि उन्होंने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर रखा है। राकेश किशोर ने कहा कि इन लोगों ने न ही डिसिप्लिनरी कमेटी बनाई और न ही मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया, मुझे सीधा सस्पेंड कर दिया गया, अब अगर मैं इस मामले में चुनौती भी दूंगा तो क्या होगा? कुछ नहीं होगा, क्योंकि कमेटी में शामिल तीन वकील और जज भी उन्हीं के होंगे, ऐसी स्थिति में फैसला भी उन्हीं का होगा।

उन्होंने कहा कि अब मैं आगे क्या कदम उठाता हूं, यह परमात्मा पर निर्भर है, परामात्मा जो आज्ञा देगा, वह करूंगा, अब अगर उन्होंने मेरा कैरियर बर्बाद करने के बारे में सोचा है तो, वह सोच सकते हैं, कोई बात नहीं, कुछ होने वाला नहीं है।

प्रधानमंत्री ने की निंदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीफ जस्टिस से बात की और इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि आज सुबह सुप्रीम कोर्ट परिसर में उन पर हुए हमले से हर भारतीय नाराज है, हमारे समाज में ऐसे निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, यह अत्यंत निंदनीय है। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसी स्थिति में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने जो धैर्य दिखाया है, उसकी मैं सराहना करता हूं, यह न्याय के मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और हमारे संविधान की भावना को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। राकेश किशोर पर बंगलूरू में एफआईआर दर्ज बंगलूरू पुलिस ने बुधवार को वकील राकेश किशोर के विरुद्ध जीरो एफआईआर दर्ज कर ली। बंगलूरू पुलिस ने निलंबित अधिवक्ता राकेश किशोर के विरुद्ध बीएनएस की धारा- 132 और 133 के अंतर्गत जीरो एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर ऑल इंडिया एडवोकेट्स एसोसिएशन बंगलूरू की शिकायत पर की गई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भक्तवचला की शिकायत पर राकेश किशोर के विरुद्ध बीएनएस की धारा- 132 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिये हमला या, आपराधिक बल का प्रयोग) और धारा- 133 (गंभीर उकसावे के अलावा किसी अन्य कारण से किसी व्यक्ति का अपमान करने के इरादे से हमला या, आपराधिक बल का प्रयोग) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। अधिवक्ता संघ ने विधान सौधा पुलिस थाने के प्रभारी को सौंपी गई शिकायत में कहा कि राकेश किशोर का कृत्य समाज के किसी भी वर्ग द्वारा क्षम्य और स्वीकार्य नहीं है, उनका कृत्य दंडनीय है... यह एक गंभीर घटना है, जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए और दोषी को कानून के अनुसार दंडित किया जाना चाहिए। यह होती है जीरो एफआईआर सामान्य एफआईआर आपराधिक वारदात घटित होने वाले क्षेत्र के थाने में दर्ज कराई जाती है। अपराध होने की स्थिति में किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई जाने वाली शिकायत जीरो एफआईआर कही जाती है। जीरो एफआईआर सामान्य एफआईआर की तरह ही होती है लेकिन, दर्ज होने के बाद विवेचना संबंधित थाने द्वारा ही की जाती है। जीरो एफआईआर की विवेचना संबंधित थाने को स्थानांतरित कर दी जाती है। अवमानना कार्रवाई शुरू करने की अनुमति मांगी उच्चतम न्यायालय के एक वकील ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी के समक्ष एक आवेदन दायर कर वकील राकेश किशोर के विरुद्ध आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) सुभाष चंद्रन के. आर. ने एक आवेदन में कहा है कि यह स्पष्ट रूप से सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार को कम करने और न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप और बाधा डालने का मामला है।

# मासिक धर्म अवकाश नीति को पूरे देश में लागू किया जाए

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

आज जब महिलाएँ हर क्षेत्र में बराबरी से काम कर रही हैं, तब यह जरूरी है कि नीतियाँ भी उनके अनुभवों और जरूरतों के अनुसार बनें। कर्नाटक सरकार ने मासिक धर्म अवकाश की जो पहल की है, वह न केवल महिला स्वास्थ्य की दृष्टि से ऐतिहासिक है, बल्कि यह सामाजिक सोच में बदलाव का प्रतीक भी है। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है कि सभी सरकारी दफ्तरों, आईटी कंपनियों और फैक्ट्रियों में कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान हर माह एक दिन का सवेतन अवकाश मिलेगा। यह कदम उस संवेदनशीलता का परिचायक है जिसकी महिलाओं को लंबे समय से प्रतीक्षा थी। महिलाएँ समाज और अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं। मासिक धर्म उनके शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया है, परंतु सदियों से इसे सामाजिक असहजता और मौन के घेरे में रखा गया। इस अवधि में शारीरिक दर्द, असुविधा और मानसिक थकान का अनुभव आम है, लेकिन कार्यस्थलों पर उनसे सामान्य दिनों जैसी कार्यक्षमता की अपेक्षा की जाती रही है। अब जब सरकारें इस जैविक प्रक्रिया को नीति निर्माण में शामिल कर रही हैं, तो यह समाज के परिपक्व होने की निशानी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि मासिक धर्म के शुरूआती दिनों में विश्राम और मानसिक स्थिरता अत्यंत आवश्यक होती है। इस अवधि में अत्यधिक काम करने या तनाव लेने से महिलाओं में कई स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए यह नीति सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि महिला स्वास्थ्य के संरक्षण का साधन भी है।

यह नीति नारी-सशक्तिकरण की परिभाषा को और गहराई देती है। सशक्तिकरण का अर्थ केवल अधिकारों की बात करना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुरूप सम्मान देना है। जब राज्य स्वयं यह स्वीकार करता है कि महिला शरीर की आवश्यकताएँ विशेष हैं, तो यह समानता की दिशा में उठाया गया वास्तविक कदम है। कर्नाटक का यह निर्णय समाज में एक बड़ा संदेश देता है कि महिलाओं की जैविक प्रक्रिया को अब छिपाने या शर्म की दृष्टि से देखने की बजाय सामान्य जीवन का हिस्सा समझा जाना चाहिए। यह नीति मासिक धर्म के विषय को सार्वजनिक विमर्श में लाकर इसे सामान्य और सम्मानजनक बनाती है। इस निर्णय से यह उम्मीद भी बढ़ी है कि अन्य राज्य सरकारें और निजी कंपनियाँ भी इस दिशा में कदम उठाएँगी। कुछ वर्ष पहले केरल और ओडिशा जैसे राज्यों में इस विषय पर चर्चा तो हुई, पर नीति नहीं बनी। अब कर्नाटक ने जो उदाहरण पेश किया है, वह अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बनेगा। वास्तव में, यह समय की माँग है कि भारत सरकार भी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी नीति बनाए, जिससे हर क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं-सरकारी कर्मचारी, शिक्षिका, नर्स, बैंक अधिकारी, फैक्ट्री वर्कर या निजी क्षेत्र की कर्मचारी-सभी को समान रूप से यह अधिकार प्राप्त हो। यह नीति केवल छुट्टी देने का मामला नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान से जुड़ा प्रश्न है। इससे वे बिना अपराधबोध या झिझक के अपने शरीर की जरूरतों को प्राथमिकता दे सकेंगी। कुछ आलोचक इस नीति को अतिरिक्त विशेषाधिकार बताकर इसे कमजोर करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि समानता का अर्थ एक जैसी परिस्थितियाँ नहीं बल्कि न्यायपूर्ण व्यवहार है।

पुरुषों को मासिक धर्म की शारीरिक पीड़ा नहीं झेलनी पड़ती, इसलिए महिलाओं को इस समय विश्राम का अधिकार देना किसी प्रकार का पक्षपात नहीं बल्कि संवेदनशील न्याय है। भारत में महिला जनसंख्या लगभग आधी है। यदि यह नीति पूरे देश में लागू की जाती है, तो न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरेगा बल्कि कार्यस्थलों की उत्पादकता, वातावरण और लैंगिक समानता भी मजबूत होगी।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने के 2 आरोपी गिरफ्तार: जमीनी विवाद को लेकर चलाई थी गोली, एक व्यक्ति हो गया था घायल

हमारा समाचार



**धौलपुर** के नगला बीधौरा गांव में करीब एक महीने पहले फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर गोली चलाने का आरोप है, जिससे वह घायल हो गया था। पुलिस ने ब्रजपाल उर्फ छिग्गा पुत्र रामेश्वर और देवेश पुत्र ब्रजपाल, निवासी थाना कंचनपुर, धौलपुर को गिरफ्तार किया। ये दोनों हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे थे। घटना 19 सितंबर, 2025 को हुई थी। विष्णु पुत्र रामनिवास (36), निवासी नगला बिधौरा ने पुलिस को बताया था कि पार्वती नदी के बीहड़ों में जमीनी विवाद को लेकर ब्रजपाल, देवेश और अन्य लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर, राजस्थान पुलिस मुख्यालय के धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। धौलपुर ग्रामीण सैपऊ के वृत्ताधिकारी अनूप सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी घटना के बाद से ही फरार थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## नष्ट करवाई दूषित चाशनी, 6 खाद्य पदार्थों के लिए नमूने




हमारा समाचार



**धौलपुर,** दीपावली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने मंगलवार को सरमथुरा में मिठाइयों की दुकान से 6 नमूने लिए गए जिसमें मलाई मिष्ठान भंडार से बेसन के लड्डू एवं बूंदी का, जोधपुर मिष्ठान भंडार से बर्फी, मावा मिठाई एवं खीर मोहन, भोले बाबा मिष्ठान भंडार से बूंदी के लड्डू एवं बेसन के लड्डू का नमूना लिया गया। साथ ही 40 किलोग्राम खराब चाशनी को नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी। तीनों फार्मो को धारा 32 के तहत नोटिस भी दिया जा रहा है। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तैदी के साथ मिलावट खोरों के विरुद्ध अभियान दीपावली तक लगातार संचालित किया जाएगा।

# कांग्रेस का संगठन सृजन... जिलाध्यक्ष के बीस आवेदन, 6 का पैनल तैयार, घोषणा दिवाली बाद

हमारा समाचार







**धौलपुर** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने राहुल गांधी ने एक बड़ा सर्वे कराया है, जिसमें सामने आया है कि संगठन में ऐसे लोगों को जगह मिल गई है, बड़े नेताओं के या तो प्रतिनिधि रहे या फिर वे संगठन की मजबूती से दूर पद लोलुपता रखते हैं। अब संगठन सृजन अभियान में ऐसा नहीं होगा। क्योंकि राहुल गांधी की युवा सोच में उभरते युवाओं को जोड़ना है, जो संगठन की मजबूती के लिए काम कर कांग्रेस की रीति नीति को आगे बढ़ाए। उदाहरण के तौर पर अब कोई विधायक का प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष बनना चाहता है तो उसे तरजीह न देकर आम जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को मौका दिया जाएगा। गुजरात में पायलट प्रोजेक्ट के तहत संगठन सृजन अभियान शुरू किया, जो वहां सफल होने के बाद अब सभी राज्यों में इसे लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि धौलपुर और राजस्थान पार्टी के नेतृत्व के लिए बेहद जरुरी है। देश में कांग्रेस के मुश्किल समय में हमेशा ही राजस्थान ने गांधीवादी विचारधारा को ताकत देने का काम किया है। के पद के लिए चार दिनों से जिला, ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर चुके हैं। संवाद की प्रक्रिया 20 तक पूरी हो जाएगी। दीवाली बाद रिपोर्ट एआईसीसी को सौंप देंगे। इस मौके पर विधायक रोहित बोहरा, शोभा रानी कुशवाहा , संजय जाटव , जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी अजीत यादव, प्रदेश सचिव साजिद खान, युवा कांग्रेस नेता अमित मुदगल, धर्मेंद्र शर्मा, कमल कंषाना, संतोष त्यागी, लीना शर्मा, प्रशांत परमार, प्रवक्ता धनेश जैन, पंकज तिवारी मौजूद रहे। 20 आवेदनकर्ता जिलाध्यक्ष के लिए सक्षम... लगभग 20 लोगों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है जिनमें चार महिलाएं भी हैं। नदीम जावेद ने कहा कि 20 से अधिक लोग नेतृत्व करने के लिए सक्षम हैं। यह किसी भी राजनीतिक दल के लिए बड़ी बात है। अलग-अलग जाति धर्म एवं आयु वर्ग के लोगों ने आवेदन किया है। जिलाध्यक्ष एक बनेगा। बाकी लोगों में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व करने की क्षमता है, उन्हें भी कांग्रेस में बड़े पदों पर जिम्मेदारी देने का काम करेंगे। करौली विधानसभा मैं कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम 16 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है करौली जिले में यह जानकारी पूर्व कांग्रेस जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे ने दी जानकारी

## प्रभारी सचिव नीति आयोग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

### नीति आयोग के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप करें कार्य- प्रभारी सचिव

हमारा समाचार




**धौलपुर,** केंद्रीय प्रभारी सचिव नीति आयोग प्रीतम बी यशवंत ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने नीति आयोग के सूचकांकों के अनुरूप स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत सुविधाओं, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास संबंधी विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्य कार्यक्रम लागू होने के बाद आकांक्षी जिलों में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। आकांक्षी जिलों में भी सामान्य जिलों की भांति हर क्षेत्र में विकास और सुविधाओं का मूलभूत विस्तार हुआ है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण हेतु रिचार्जेबल पिट्स एवं वर्षा जल संग्रहण के कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के कार्या को भी प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के मंशा के अनुरूप हर घर स्वच्छ जल पहुंचे, इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जाये। विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजनाओं की पूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम में केपीआई इंडीकेटर्स के अनुसार कार्य किया जा रहा है। जिले ने अब तक नीति आयोग से 22 करोड़ से अधिक की अवॉर्ड राशि प्राप्त की है। जिसमें से 5 करोड़ की राशि से 50 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### साइंस म्यूजियम एक अभिनव पहल

बैठक के पश्चात सचिव ने सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित साइंस म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने विज्ञान के विभिन्न सिद्धान्तों यथा वॉटेक्स, संवेग, डीएनए डबल हैलिक्स मॉडल, रक्त समूह, पाई का मान इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि साइंस म्यूजियम एक अभिनव पहल है इससे विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों से साक्षात परिचित होने का अवसर मिलेगा।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुआ जिला कारागृह एवं लीगल एड क्लीनिक धौलपुर का औचक निरीक्षण

हमारा समाचार



**धौलपुर,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालना में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव के संयुक्त तत्वावधान में जिला कारागृह एवं लीगल एड क्लीनिक धौलपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालसा द्वारा जारी एसओपी में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण दौरान सर्वप्रथम जेल में स्थित बंदियों को अपनी शिकायत लिखने के लिए उपलब्ध शिकायत पेटिका को खुलवाया तो उसमें किसी भी बंदीं की शिकायत नहीं पाई गई। इसके बाद बंदियों को शिकायत लिखने के लिए पेपर, पेन इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उसके बाद बंदियों के लिए उपलब्ध वीं.सी. रूम का निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान वीसी रूम के आस-पास काफी गंदगी और जल-भराव की समस्या देखी गई निरीक्षण दौरान नई रसाईघर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उसमें काफी गंदे कंबल पाए गए जाने पर उन्होंने जेल अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की। जेल अधीक्षक ने बताया कि कंबल बंदियों के स्वयं के है जो स्वयं अपने घरों से लाते हैं उसके बाद बंदियों को उपलब्ध अखबारों एवं पुस्तकों के बारे में भी जानकारी ली। इसके उपरांत बैरकों में बंदियों से बात करने पर बंदियों ने अपनी अपीलों के बारे में बताया कि हमारी जमानत हो चुकी है कुछ कैदियों ने अपनी सजा के बारे में बताया कुछ कैदियों ने कोई भी समस्या नहीं होना बताया। उनसे उनके वकीलों, फॉरमेटों के बारे में जाना निरीक्षण दौरान बंदियों को तबियत के बारे में भी जानकारी ली एवं कुछ बंदियों ने बताया कि उनके परिवार वालों से बातचीत नहीं होने पर उन्होंने बंदियों को बताया कि वह अपने परिवार वालों से फोन पर बात करने के लिए रिचार्ज कराने की कहें उसके बाद जेल में बंदियों को होने वाली परेशानियां पुलिस वाले परेशान करते हों, खाने-पीने न मिलना, घर वालों से बात न होंना इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की एवं बेरकों में उपलब्ध शौचालय का भी निरीक्षण करने पर शौचालयों में गंदगी पाई गई, शौचालयों में रोटियां पाई गई एवं बेरकों में भी बंदियों को उपलब्ध नहाने और धाने के पानी में भी गंदगी पाई गई एवं वहां उपलब्ध पानी में भी काई पाई गई। जेल अधीक्षक को पानी को सफाई कराने एवं शौचालयों को साफ करने के निर्देश दिए और बताया कि इस प्रकार की गंदगी से बंदियों में मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियां भी पैदा हो सकती है एवं बंदियों से टॉयलेटों के बारे में भी जानकारी ली तो कुछ बंदियों ने बताया कि वे नियमित रूप से टॉयलेटों की सफाई करते हैं कुछ बंदियों ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह टायलेटों की सफाई की जाती है। इसी प्रकार महिला बंदियों के बैरकों में भी निरीक्षण किया तो निरीक्षण दौरान महिलाओं के बैंरकों में उपलब्ध लेट्रिन, बथरूम एवं नहाने एवं कपड़े धोने के पानी की जांच की गई तो टॉयलेटों में गंदगी पाई गई एवं पानी में गंदगी पाई गई एवं उपलब्ध पानी की जगह दीवारों में भी काई पाई गई इसी प्रकार सभी बैंरकों का निरीक्षण करने पर सभी जगह गंदगियां पाई गई। रसोईघर का निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान मशीनों का बारिकी से जांच की। बंदियों को उपलब्ध मशीनों में रोटी बनने की विधि के बारे में भी जानकारी ली गई एवं आज के मैन्यू के बारे में भी पूछा। निरीक्षण के दौरान गंदगी एवं जल-भराव की समस्याओं को जल्दी दुरुस्त करने के भी निर्देश प्रदान किए।इस मौके पर चीफ एलएडीसी अमित कमठान डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिकरवार, मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन मीणा, इत्यादि सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## हाईवे पर आगई गांव के पास सड़क पर बैठे गोवंश को बचाने के चक्कर में पलटा ई-रिक्शा

### बसेड़ी के अतरसूमा निवासी बुजुर्ग चालक हब्बी खां की हुई मौत,

### आगई थाना पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम, ग्रामीणों ने की मदद की मांग,

हमारा समाचार






**बाड़ी** :- उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड आंगई गांव के पास सोमवार की रात सड़क हादसा हो गया। सरमथुरा से डीजे की प्लेट लेकर लौट रहा ई-रिक्शा जब आगई गांव के पास पहुंचा तो सड़क पर बैठे गोवंश को बचाने के चक्कर में पलटी खा गया। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। वहीं उसमें बैठे दो छोटे बच्चे चोटिल हुए। घटना की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस 1033 से सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिय। आगई थाना पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी रखवाया। मंगलवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मदद की मांग की है। जानकारी के अनुसार बसेड़ी के अतरसुमा निवासी इस्माइल खां ने बताया कि उनके ताऊ 60 वर्षीय हब्बी खां पुत्र छुट्टन मुसलमान कल शाम 5 बजे बसेड़ी से सरमथुरा भाड़ा लेकर अपने दो छोटे बच्चों के साथ गए थे। लौटते में उन्होंने सरमथुरा से डीजे की प्लेट ई रिक्शा में भरकर वापस बसेड़ी लौट रहा है। इस दौरान आगई के पास सड़क पर बैठे गोवंश को बचाने के चक्कर में उनका ई-रिक्शा पलट गया और हब्बी के रिक्शे और प्लेटो के नीचे दबने से मौत हो गई। उसके दो छोटे बच्चे भी चोटिल हुए। जिन्होंने जैसे-तैसे लोगों के सहयोग से उसे बाहर निकाला। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ कल्पना मित्तल ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस्माईल ने बताया कि उनके ताऊजी के पांच बच्चे है। जिनमे तीन लड़कियां दो लड़के हैं। सभी अभी छोटी उम्र के हैं।

हब्बी ही रिक्शा चलाकर सभी का पेट पालन कर रहा था। ऐसे प्रशासन से मदद की मांग की है। आंगई थाने के हेड कांस्टेबल राकेश कुमार ने बताया कि सूचना पर देर रात शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया था। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। मामले की

## दीपावली के त्यौहार को देखते हुए ढीले व लूज तारों की मरम्मत किया जाना करें सुनिश्चित- जिला कलक्टर

हमारा समाचार




**धौलपुर,** बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की प्राथमिकता प्राप्त फ्लैगशिप योजनाओं लाडो प्रोत्साहन योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), आयुष्मान भारत, मिशन हरियालो राजस्थान, पंच गौरव योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित 25 से अधिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की ये योजनाएँ जनता के जीवन स्तर को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। योजनाओं के लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचें, उन्होंने अधिकारी मैदानी स्तर पर सतत निगरानी करते हुए इन योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए। योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला कलक्टर ने दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त नगर परिषद एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों को कार्यशील एवं चालू किया जाएं।

साथ ही प्रमुख चौक, चौराहा, राजकीय कार्यालयों एवं मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर रंगीन रोशनी एवं सजावट की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करें। सड़कों के किनारे विद्युत तारों की जांच कर टूटे या लूज तारों की तत्काल मरम्मत कराया जाएं। साथ ही ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग या जाली लगवाया जाना सुनिश्चित करें। दीपावली से पूर्व सड़कों, पार्कों, चौकों एवं सार्वजनिक स्लिों पर रंगोली एवं सौंदर्यकरण कार्य कराया जाएं।

शहर की मुख्य सड़कों, गलियों, नालियों एवं अन्य सार्वजनिक स्िनों की विशेष सफाई के लिए अतिरिक्त संसाधन लगाकर नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएं। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के नियमित निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम संबंधित स्वीकृति बजट राशि व्यय की विस्तृत कार्ययोजना के प्रस्तावों पर पंच गौरव कार्यक्रम से जुड़े खेल, उद्योग, उद्यान, वन एवं पर्यटन विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने पंच गौरव समिति सदस्य सचिव एवं उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को निर्देशित किया कि पंच गौरव के तहत प्राप्त बजट के संबंध में राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्ययोजना तैयार कर वरिष्ठ लेखाधिकारियों के अनुमोदन उपरान्त नियमानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित करें।

साथ ही जिला खेल अधिकारी को हॉकी खेल सामग्री की व्यवस्था करने के बजट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाड़ी नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण आमजन लोगों को आ रही परेसानी महिलाएं एवं पुरुष कर रहे परेशानियों का सामना

हमारा समाचार







बाड़ी नगर पालिका के पार्षद हुए पस्त नगर पालिका अधिकारी व सफाई निरीक्षक कर्मचारी और नगर पालिका अध्यक्ष हुए मस्त बाड़ी में जलभराव-गंदगी एवं अतिक्रमण से लोग परेशान: उपखंड अधिकारी व नगर पालिका प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, दीपावली से पहले समाधान की मांग बाड़ी शहर में गंदगी और जलभराव की समस्या से परेशान पार्षदों ने उपखंड अधिकारी और नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। पार्षदों ने दीपावली से पहले इस समस्या के समाधान की मांग की है। उनका आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। वार्ड 12 की पार्षद अनीता मीणा ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को दिए ज्ञापन में बताया कि महाराज बाग और संत नगर रोड पर नाला अवरुद्ध होने के कारण मुख्य रास्ते में जलभराव हो रहा है। इस जलभराव से गंदगी जमा हो रही है, जिससे 33 केवी फीडर के रास्ते में भी पानी भर गया है। इससे डिस्कॉम कर्मचारियों और तकनीशियनों को निकलने में परेशानी होती है। पार्षद मीणा ने आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्व में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित और मौखिक रूप से इस समस्या से अवगत कराया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन सौंपते समय उनके साथ राजवीर सिंह, अमिताभ बच्चन, हरिसिंह, सतीश मीणा, मनीराम, सौरभ और वार्ड के अन्य नागरिक मौजूद थे। वहीं, वार्ड पार्षद रोहित मंगल और अग्रवाल समाज के पदाधिकारी रामनिवास गर्ग ने अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित शिविर में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि सब्जी मंडी स्थित गौरी पक्का की दुकान के बगल का नाला पिछले पांच साल से साफ नहीं हुआ है। नाले की सफाई न होने और लगातार गंदगी फैलने से मुख्य बाजार में पानी भर जाता है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सभी पार्षदों ने प्रशासन से दीपावली से पूर्व इन समस्याओं का त्वरित समाधान करने की अपील की है।

## शहीद के 25वें शहादत दिवस पर विद्यालय के कायाकल्प का संकल्प, शहीद परिवार ने दी स्वीकृति

हमारा समाचार

**उदयपुरवाटी।** शहीद रामप्रताप मूंड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मझाऊ, सिंगनौर में शहीद के 25वें शहादत दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), उम्मेद सिंह महला ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट – सरकारी विद्यालयों के कायाकल्प, रंग-रोगन और पुनर्निर्माण अभियान – के तहत इस विद्यालय को शामिल करने का प्रस्ताव रखा।निदेशक एवं उपनिदेशक जयदीप के निर्देशानुसार जब शहीद परिवार से इस कार्य के लिए स्वीकृति मांगी गई, तो शहीद वीरांगना प्राचार्य वैदकौर और परिवार ने तत्काल सहमति प्रदान की। उनके इस निर्णय का उपस्थित जनसमूह ने गर्मजोशी से स्वागत किया और शहीद परिवार को साधुवाद दिया।गौरतलब है कि अधिकारी महला इस अभियान के उदयपुरवाटी एवं नवलगढ़ ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय के कायाकल्प कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

## नवोदय विद्यालय के छात्र धीरज वर्मा की मौत पर उबालः मानव कल्याण संस्थान ने की कार्रवाई की मांग, डिप्टी अनुज डाल को सौंपा ज्ञापन



हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** पाटन नवोदय विद्यालय में दसवीं कक्षा के छात्र धीरज वर्मा की संदिग्ध मौत के बाद मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान में उपाध्यक्ष पत्रकार जुगल किशोर की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें धीरज वर्मा की मौत को हत्या करार देते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई।संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि धीरज वर्मा ने 9 अक्टूबर को नवोदय विद्यालय में आत्महत्या का प्रयास किया था। गंभीर हालत में पहले नीमकाथाना और फिर जयपुर के जेके लोन अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां वह 5 दिन तक वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझता रहा। 13 अक्टूबर को धीरज ने दम तोड़ दिया।परिजनों ने आरोप लगाया कि धीरज के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं, जिससे साफ है कि उसकी निर्मम पिटाई की गई। इस पर संस्थान के उपाध्यक्ष जुगल किशोर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जांच अधिकारी डिप्टी अनुज डाल को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।संस्थान के महासचिव हरफूल मरोड़िया, मृतक के दादा मोती वर्मा, हंसराज किलानिया, कमल नयन महरानियां, सुभाष सिंघल, कैलाश वर्मा, बजरंग किलानिया, सरजीत, शिवपाल भाटी, कैलाश मीणा, हरिराम मीणा, सुरेंद्र सैनी, रवि वर्मा डोकन, मालीराम, जेपी वर्मा, बाबूलाल, अशोक, श्रवण, जितेंद्र, हेमराज किलानिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मुकेश सुंदेशा बने जिला पत्रकार संस्थान जालोर के अध्यक्ष सर्वसम्मति से हुआ चयन, नव निर्वाचित अध्यक्ष का साफा-माला पहनाकर किया स्वागत



हमारा समाचार

**जालोर ।** जालोर शहर के एक निजी होटल में सोमवार शाम जिला पत्रकार संस्थान (पंजीकृत) की बैठक संस्थान के अध्यक्ष बबलू मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश सुंदेशा को पत्रकार संस्थान का नया अध्यक्ष चुना गया।जिला पत्रकार संस्थान की बैठक के दौरान प्रिंट एंव इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकारों ने संगठन की एकजुटता और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इसी दौरान पत्रकार देवेंद्र शर्मा ने मुकेश सुंदेशा के नाम का अध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किया, जिसे बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए निर्विरोध मुकेश सुंदेशा को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित करते हुए सुंदेशा का साफा और माला पहनाकर स्वागत करते हुए पंजीकृत संस्थान का प्रमाण पत्र की प्रति सौपी।जिला पत्रकार संस्थान की बैठक में थानमल लोहार, साबिर खान, बबलू मीना, हितेश प्रजापत, दिनेश कुमार माली, प्रवीण सोलंकी, रेवा शंकर, उजीर सिलावट, मफतलाल गर्ग, जबरू पठान, अशोक संदेशा, भरत माली, सुरेश गर्ग, फगलू राम, साबिर नेपाली, एम. इशाक, सुरेश धवल, हुकमीचंद सोलंकी, मनोहर राणा, हंसमुख गर्ग सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# माटी का लाल राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का होगा आयोजन

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड की अभिनव पहल स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं

### प्रदेश में पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का होगा आयोजन

### प्रदेश के माटी कलाकारों को वर्षभर मिलेगा रोजगार, दोगुनी होगी आय - अध्यक्ष, माटी कला बोर्ड

हमारा समाचार

**जयपुर/ सवाई माधोपुर।** प्रदेश में माटी कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में श्रीयादे माटी कला बोर्ड आगामी दिनों में अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को क्रियान्वित करेगा। जिससे माटी कलाकारों को केवल सीजनल ही नहीं बल्कि वर्षपर्यंत रोजगार उपलब्ध होने के साथ उनकी आय भी बढ़ सकें एवं उनके बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वावलंबी बन सकें। इस दिशा में बोर्ड मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार माटी कलाकारों को उचित प्रशिक्षण देकर



अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनें उपलब्ध करवा रहा है। यह बात बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने मंगलवार को उद्योग भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी से बने उत्पादों के निर्माण में राजीविका के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में बोर्ड प्रयासरत है एवं जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

इसके साथ ही मिट्टी के उत्पादों को प्रदेश के खादी भंडारों पर बिक्री के लिए मुहैया करवाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। श्री टाक ने रेलवे स्टेशनों पर मिट्टी के कुल्हड़ में चाय बेचने की पहल पर रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इसी तर्ज पर प्रदेश के समस्त बस स्टैण्ड पर भी कुल्हड़ के उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा।

**सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए** श्री टाक ने दीपावली के मद्देनजर सभी जिला कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों को माटी कलाकारों को सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के उत्पाद बेचने में सहयोग प्रदान करने हेतु पत्र भेजा है।

**माटी का लाल पुरस्कार समारोह-**
राजस्थान की उत्कृष्ट संस्कृति को माटी कला के द्वारा पूरे देश व विश्व में ख्याति दिलाने के लिए माटी कलाकारों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए श्रीयादे माटी कला बोर्ड पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित करेगा। जिसके तहत प्रत्येक जिले से दो श्रेष्ठ माटी कलाकारों का चयन कर उनमें से राज्य स्तर पर प्रथम, दितीय व तृतीय एवं सात सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार हेतु आगामी नवंबर में प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएंगी, जिनमें से चयनित को दिसंबर माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

**ट्रेनर्स के एक और बैच का होगा प्रशिक्षण -**
राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 में इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों के लिए चयनित मिट्टी कामगारों की दक्षता वृद्धि के लिए श्रीयादे माटी कला बोर्ड ट्रेनर्स को भी उचित प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में 25 ट्रेनर्स के एक और बैच को दीपावली के बाद उत्तर प्रदेश के खुर्जा में सात दिवसीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इससे पूर्व बोर्ड द्वारा 15 से 21 सितंबर तक खुर्जा स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरेमिक्स रिसर्च इंस्टीटयूट (सीजीसीआरआई) में टेराकोटा पॉटरी प्रशिक्षण हेतु ट्रेनर्स का दल भेजा गया था।

**अब तक एक हजार से अधिक मशीनों का हुआ वितरण-** बोर्ड अध्यक्ष श्री टाक ने प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति में इस साल प्रदेश के 21 जिलों में चयनित एक हजार से अधिक कामगारों को प्रशिक्षण उपरांत मिट्टी गूंथने की मशीन व इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दिसंबर तक 2 हजार मशीनों के वितरण लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए शेष जिलों में चयन, प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम जारी है।

# शक्ति दिवस का आयोजन कर गर्भवतियों और बच्चों को किया लाभान्वित

## खून कि कमी से बचाएगी आयरन की खुराक

हमारा समाचार

**सवाई माधेपुर ।**एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

# मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति पर जिला कलक्टर ने की समीक्षा

हमारा समाचार

**सवाई माधोपुर ।**राजकीय मेडिकल कॉलेज, सवाई माधोपुर में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज में आयोजित की गई।बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान मुख्य बिल्डिंग, बॉयज़ एवं गर्ल्स हॉस्टल, जलापूर्ति, इंटरनेट, बिजली और स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री कार्य की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने आरएसआरडीसी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बॉयज़ हॉस्टल के मुख्य कार्य 15 दिसंबर तक पूर्ण किए जाएं, साथ ही दिवाली बाद फ्लोरिंग कार्य प्रारंभ कर एक माह में पूरा किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को मेडिकल



कॉलेज के लिए सेपरेट फीडर व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) को कॉलेज परिसर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलक्टर ने ड्रेनिज सिस्टम की समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को वैकल्पिक समाधान अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज भवनों के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में गठित निगरानी समिति द्वारा नियमित निरीक्षण एवं थर्ड पार्टी गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज सवाई माधोपुर जिले के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। संबंधित विभाग समन्वयपूर्वक कार्य करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें।बैठक में प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग अशोक कुमार बुजैठिया, नोडल अधिकारी डॉ. महेश मीणा, परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी आर.के. दीक्षित, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग पंकज मीणा, एईएन पीएचईडी बच्चन सिंह मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टोंक शहर में की गई कार्यवाही

## 100 किलो मावा बर्फी, 50 किलो मावा, 115 किलो मिल्क पाउडर को किया नष्ट

हमारा समाचार

**टोंक ।** खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा डॉ. टी शुभमंगला के निर्देशन में दीपावली के त्योहार को देखते हुए जिला जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाअधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने टोंक शहर में संचालित श्रीराम मिष्ठान भंडार काफला बाजार टोंक के कारखाने पर छापा मारकर मौके से नकली मावा, मावा बर्फी व मिल्क पाउडर जप्त कर उनके नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया है। कार्रवाही के दौरान राम



प्रजापत मिल्क पाउडर जैसे पावडर से मावा व मावा बर्फी बनाते हुए पाया गया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि उक्त फर्म से मावा बर्फी लगभग 100 किलो, मावा 50 किलो व मिल्क पाउडर लगभग 115 किलो प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने पर मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही प्रतिष्ठान मालिक को एफएस एक्ट के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा टीम ने एवन मिष्ठान भंडार से मीठा मावा व रसगुल्ला का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया है। उन्होने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा, जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिए गये कि आमजन को अशुद्ध खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं करे। उक्त कार्यवाही के दौरान रामेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र सैनी एवं जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## ख़्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर श्री प्रेमानंद जी महाराज के स्वास्थ्य के लिए 3 दिनों हो रही हैं दुआएं, श्री प्रेमानंद जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को हिन्दू मुस्लिम सब मिलकर कर रहे दुआँ



हमारा समाचार

**अजमेर।** श्री प्रेमानंद जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को लेकर आज अजमेर दरगाह शरीफ़ में ख़्वाजा गरीब नवाज हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के दरबार में 3 दिनों से विशेष दुआएं की जा रही हैं । इस अवसर पर कई धर्मों के लोग व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और देश में एकता के संदेश के लिए प्रार्थना की। दरगाह में उपस्थित अंजुमन सय्यद जादगान के सदस्य जनाब सय्यद गफ्फार हुसैन काज़मी और सय्यद अहतेशाम अहमद चिश्ती ने भी इस अवसर पर विशेष दुआएं मांगीं। उन्होंने कहा कि श्री प्रेमानंद जी महाराज की शिक्षा और संदेश हमेशा प्रेम, सद्भावना और भाईचारे पर आधारित रहे हैं, और आज पूरा अजमेर उनकी अच्छी सेहत और दीर्घायु के लिए ख़्वाजा गरीब नवाज के दर पर हाथ उठाए दुआ कर रहा है।उन्होंने कहा कि महाराज ने हमेशा गंगा-जमुना तहज़ीब और मानवता के मिलन का संदेश दिया है। आज जब समाज में एकता और सहयोग की आवश्यकता है, ऐसे में उनका मार्गदर्शन प्रेरणा बना हुआ है। यह पहल केवल दुआ ही नहीं, बल्कि एक संदेश भी है – कि प्रेम और सौहार्द ही भारत की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि यह पैगाम प्रेमानंद जी महाराज तक पहुंचे कि उनके अनुयायी और प्रशंसक देशभर में उनकी सेहत के लिए कामना कर रहे हैं और उनसे आग्रह है कि शीघ्र स्वस्थ होकर फिर से समाज में प्रेम और शांति का पैगाम दें।कार्यक्रम के दौरान दरगाह पर शांति, एकता और प्रार्थना का भाव देखने को मिला, जिसमें हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने एक साथ मिलकर मानवता और सद्भाव की मिसाल पेश की।

## गोटन में राजमिस्त्री सम्मेलन आयोजित



हमारा समाचार

**गोटन।** कस्बे मे राजमिस्त्री सम्मेलन आयोजित हुआ। रविन्द्र खोखर ने बताया कि सोमवार देर शाम भोमीयाजी मार्केट परिसर मे राजमिस्त्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें कस्बे सहित आस-पास के सैकड़ों की संख्या में राजमिस्त्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भवन निर्माण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रमिकों को एक मंच पर लाना, उनके अधिकारों, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना रहा। मुख्य अतिथी अशोक विश्नोई ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि राजमिस्त्री समाज विकास की रीढ़ हैं, जिनके कौशल के बिना कोई भी इमारत, आवास या विकास कार्य संभव नहीं है। इस अवसर पर बीमा योजनाओं, श्रमिक कार्ड, व निजी सीमेंट कम्पनी की कल्याणकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुभवी राजमिस्त्रियों को सम्मानित किया गया। साथ ही नई पीढ़ी को तकनीकी प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान शंकरसिंह राठौड़, बजरंग सिंह भाटी, भंवरलाल प्रजापत, श्रवणराम चौकीदार, विनोद, तेजपाल, प्रमोद, रामेश्वर, हिमांशु, रविन्द्र खोखर, कमलेन्द्र सिंह व सम्पत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गौरीशंकर जांगिड़ लावा बने तहसील अध्यक्ष

हमारा समाचार



**टोंक ।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा मालपुरा के तहसील अध्यक्ष पद के लिए मतदान रविवार को हुआ। जिसमे लावा निवासी गौरीशंकर जांगिड़ विजय हुए। चुनाव अधिकारी राजेश जांगिड़ ने नव-निर्वाचित तहसील अध्यक्ष को शपथ दिलाई। मतदान शहर मे स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में हुआ। मतदान केन्द्र पर समाज के मतदाताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। हनुमान प्रसाद जांगिड़ गणवर, गौरीशंकर जांगिड़ लावा एवं रामलाल जांगिड़ भीपुर के बीच मुकाबला हुआ। सुबह मतदान शुरू होते ही मतदाताओं की लंबी कतारें लग गई। प्रत्याशी दिनभर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटे रहे। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर चुनाव अधिकारी राजेश जांगिड़, पर्यवेक्षक ओमप्रकाश जांगिड़ बगड़ी, केदारनारायण पीपलू एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

# आरएसएस मुख्यालय पर भारतीय युवा कांग्रेस का जोरदार विरोध प्रदर्शन

## अजमेर युवा कांग्रेस के साथी भी शामिल - आनंदू अजी आत्महत्या प्रकरण में दोषी ऋस्स संगठन पर कार्यवाही और दोषी लोगों पर निष्पक्ष जांच की मांग कर कड़ी कार्यवाही की मांग

हमारा समाचार

केरल के 26 वर्षीय इंजीनियर आनंदू अजी द्वारा आत्महत्या के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्यों पर लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोपों को लेकर आज भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जी के निर्देशानुसार दिल्ली स्थित आरएसएस मुख्यालय (केशव कुंज) पर एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।इस प्रदर्शन में अजमेर शहर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा के नेतृत्व में अजमेर से दिल्ली पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंचकर आरएसएस कार्यालय के बाहर विरोध जताया और "न्याय दो आनंदू को",



"आरएसएस जवाब दो" जैसे नारे लगाए। युवा कांग्रेस ने आज दिल्ली में कई जगह ऋस्स संगठन का विरोध किया और मांग की कि केंद्र सरकार और जांच एजेंसियां इस मामले में उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को सख्त सजा दें।मोहित मल्होत्रा जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा – "यह सिर्फ आनंदू अजी की आत्महत्या नहीं, बल्कि देश के हर उस बच्चे की चीख है जो ऐसे संगठनों के अंदर शोषण का शिकार



बन रहा है। यदि ऐसे मामलों में न्याय नहीं मिला, तो यह समाज और न्याय प्रणाली दोनों पर प्रश्नचिह्न होगा।"युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में आरएसएस और संबंधित आरोपियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस देशभर में आंदोलन को तेज करेगी

**युवा कांग्रेस की प्रमुख माँगें:**

1.आनंदू अजी आत्महत्या प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए।

2.आरएसएस के प्रशिक्षण शिविरों और शाखाओं की स्वतंत्र निगरानी की जाए।

3.सरकार यह स्पष्ट करे कि एफआईआर से आरएसएस का नाम क्यों हटाया गया।

4.दोषियों को सख्त कानूनी कार्रवाई के तहत दंडित किया जाए।

दिल्ली RSS मुख्य कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे कार्यकर्ताओं में उपस्थित जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा, प्रदेश सचिव अकबर हुसैन, जिला महासचिव अंकित गोविंद पंवार, गर्व दत्त शर्मा, फैजान हैदर, यश बुंदेल, प्रिंस प्रजापत, चेतन पिंगोलिया, अली नासिर, साजिद खान, युवराज सिंह, प्रशांत कुमार, लेख सिंह, सिद्धांत शर्मा, राहुल रावत, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# भारत की सरहदों की रक्षा व देश की अखंडता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से कुशल नेतृत्व व वीर सैनिकों ने पाकिस्तान को सटीक जवाब दियाः शर्मा

## वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने किया भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित सिंदूर स्मारिका वाटिका का लोकार्पण

हमारा समाचार




**कोटपूतली बहरोड़ ।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय शर्मा ने सोमवार को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में सिंदूर स्मारिका वाटिका का लोकार्पण किया। स्मारिका पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित है। इस मौके पर मंत्री शर्मा ने कहा कि भारत की सरहदों की रक्षा और देश की अखंडता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में प्रभावित निर्दोष पर्यटकों को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री व सरकार के कुशल नेतृत्व एवं वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को सटीक जवाब दिया। मंत्री ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे इस वाटिका में लगाये गये सिंदूर के पौधों की देखभाल करें और पर्यावरण संरक्षण के लिये प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार कोटपूतली में बनने वाली लेपर्ड सेंचुरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शीघ्र ही एक बड़ा लेपर्ड कंजर्वेशन एरिया विकसित होने जा रहा है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 05 टाईगर रिजर्व व 02 नेशनल पार्क हैं, जिनमें 135 बाघ हैं। पर्यटकों को बेहतर सुविधा देने हेतु अब ऑनलाईन टिकटिंग व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। यही प्रयास है कि पर्यटकों को सुरक्षित, स्वच्छ और समृद्ध प्राकृतिक वातावरण मिलें। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से पूरा विष्व जुझ रहा है, उसका एक ही उपाय है कि वृक्षारोपण करें और प्रकृति का संरक्षण करें। साथ ही पॉलीथिन का उपयोग ना करें एवं यह संकल्प लें कि पानी की एक-एक बूंद बचायेंगे, वृक्षारोपण करेंगे और पॉलीथिन का उपयोग नहीं करेंगे, आने वाली पीढ़ियों को ये सौगात दें। विषिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले में शहीद हुये पर्यटकों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। भारत की ओर आंख उठाने वाले हर कायराना प्रयास का मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। कॉलेज प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह स्मारिका राजस्थान की पहली ऐसी स्मारिका हैं जो ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में निर्मित की गई हैं, जिससे छात्राओं में राष्ट्र प्रेम एवं देश भक्ति की भावना का संचार होगा। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह स्मारिका हमारे सामाजिक चेतना और देश भक्ति का प्रतीक हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को नई प्रेरणा देगी। उन्होंने बताया कि इस वाटिका का निर्माण भारत माता के वीर सपूतों की स्मृति को अमर करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि वाटिका का निर्माण समाजसेवकों और भामाशाहों के सहयोग से करीब 2.5 लाख रुपये की लागत से किया गया हैं। कार्यक्रम में सांगटेड़ा निवासी शहीद सुरेश चौधरी की वीरांगना को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्मारिका पट्टिका के अनावरण, द्वीप प्रज्ज्वलन एवं 07 सिंदूर के पौधों के रोपण से हुई। विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने कहा कि पाकिस्तान को इस बात का आभास है कि भारत को प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं हराया जा सकता। अतः वह छद्म युद्ध व आतंकवाद का सहारा लेकर भारत को कमजोर करना चाहता हैं, लेकिन उसकी यह कोशिश कामयाब नहीं होगी। संचालन प्रो. वी के यादव ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, डॉ. अष्वनी गोयल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथलीशरण बंसल, ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, एड. अभिषेक मोरीजावाला, सिंबू दयाल कसाना,भाजपा युवा नेता शशि मित्तल, प्रवक्ता रामकरण यादव, फौजी कमलेश छावड़ी, अशोक कुमार यादव एकलव्य डेंटल कॉलेज,राजाराम हवलदार, बद्रीप्रसाद शर्मा, राकेश गुर्जर, डी.डी. गौड़, रामनरेन्द्र शर्मा, प्रो. जगराम गुर्जर, डॉ. शेरसिंह चौधरी, रामसिंह यादव, उमेश बंसल, मुनेश सैनी, बाबूलाल चौधरी, रामप्रताप चौधरी, सौरभ चतुर्वेदी, योगेश शर्मा, सचिन शर्मा, नितेश गोपाल मंगल, आशीष शर्मा, रोशन सैनी, रघुवीर गोयल, राजकुमार भारद्वाज, संदीप तंवर, प्रो. भावना चौधरी, प्रो. विशम्भर दयाल, डॉ. उदयवीर तोशावर, डॉ. कमलेश यादव, मनोज कुमार रौनी, प्रतिभा पोषववाल समेत महाविद्यालय स्टॉफ, वन विभाग के अधिकारी, छात्रायें एवं आमजन मौजूद रहें।

## अवैध मांस खोखे हटाने की मांग को लेकर हिंदू जागरण मंच ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



हमारा समाचार

**कोटपुतली बहरोड़।** जिला मुख्यालय कोटपुतली शहर में हिंदू जागरण मंच कोटपुतली इकाई ने आज पुलिस अधीक्षक कोटपुतली-बहरोड़ देवेन्द्र विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर शहर के आम रास्तों पर लगे अवैध मांस के खोखे व सार्वजनिक स्थलों पर बने मुर्गियों के दड़बे हटाने की मांग की। जिला संयोजक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि राठौड़ पार्क और दिल्ली दरवाजा पावर हाउस के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाने वाले आम रास्ते पर बिना लाइसेंस के अवैध मांस विक्रेताओं ने खोखे लगा रखे हैं। इन स्थानों पर खुलेआम पशु काटे जा रहे हैं जिससे न केवल अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है बल्कि सड़क पर मांस का कचरा फेंकने से अस्वच्छता, दुर्गंध और आवारा कुत्तों का जमावड़ा भी बना रहता है। अग्रवाल ने कहा कि यह मार्ग आसपास की कॉलोनियों और विद्यालयों का मुख्य रास्ता है, जिससे महिलाओं और बच्चों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन कुत्तों के काटने और दुर्घटनाओं की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। नगर संयोजक जितेन्द्र जोशी ने मांग की कि आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और इन अवैध अतिक्रमणों को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कोटपुतली की जनता, व्यापारिक संगठन और सभी हिंदू संगठन मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदीप अग्रवाल, जितेन्द्र जोशी, रोहितास सैनी सहित मंच के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति की बैठक 24 को होगी

हमारा समाचार

**बोराज।** भंदे बालाजी स्थित कुमावत समाज की नई धर्मशाला में 24 अक्टूबर को कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति की बैठक समिति अध्यक्ष पन्नालाल सरसवा की अध्यक्षता में होगी। समिति के गजानंद नागा ने बताया कि बैठक में कुमावत समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले आगामी सामुहिक विवाह सम्मेलन पर चर्चा की जाएगी।

## राजधानी फाउण्डा में 'झंकार-2025' राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

### युवाओ में जोश, हुआ पोस्टर विमोचन, तैयारियां जोरों पर




हमारा समाचार

**पचकोड़िया ।** कस्बे में नीट, जेईई, सीयूईटी, जेट की तैयारी कराने वाले इंस्टीट्यूट राजधानी एजुकेशनल ग्रुप पचकोडिया द्वारा संचालित राजधानी साइंस धारा, राजधानी फाउण्डा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल कैंपस में कल 16 अक्टूबर को शाम 4:15 बजे से रात्रि 11 बजे तक स्टेट लेवल सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार-2025' व पूर्व राजधानियन्स (एल्यूमिनाई) व वर्तमान राजधानियन्स दीपोत्सव संगम का भव्य रूप से आयोजन होगा। समारोह को लेकर युवाओ में जोश होने के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयारिया जोरो पर चल रही है। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम सिंह यादव व प्रिंसिपल हेमेन्द्र शर्मा ने बताया कि पोस्टर विमोचन व साथ ही आयोजित मिटिंग में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई एवं कार्यक्रम सम्बन्धित जिम्मेदारिया दी गयी। कार्यक्रम में पूर्व राजधानियंस (एल्यूमिनाई) और उनके अभिभावकों का विशेष सम्मान एवं मिलन समारोह भी रखा गया है। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, नाट्य, फैशन शो, लोक संस्कृति की प्रस्तुतियाँ और प्रेरक भाषणों का संगम देखने को मिलेगा। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए नेशनल मोटीवेटर डॉ रमेश यादव ने कहा कि झंकार-2025 सिर्फ़ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह शिक्षा, संस्कार और परंपरा का उत्सव है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता का विकास करना है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से राजधानियन छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश शर्मा मुण्डोती व गिरीराज शर्मा करणसर ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग कार्यक्रम, समूह गान, एकल नृत्य एवं ड्यूल डांस प्रस्तुतियां देगें। इस अवसर पर बैठक में शिक्षाविद् मुकेश शर्मा, बालाजी स्कूल के निदेशक नागर डिडल, नरेन्द्र डिडल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अजजा सचिव मनोज मीणा, राजस्थान विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बलवीर चौधरी, राजधानी शिक्षण समूह के सहनिदेशक हरीसिंह यादव, समाजसेवी रामेश्वर काकोडिया, डिप्टी डायरेक्ट कल्पेश यादव, राधेश्याम खोला, कृष्ण यादव, जगदीश कुमावत, पने कवंर, कृष्णा यादव आदि उपस्थित रहे।

## मासिक काव्य गोष्ठी तथा साहित्यिक क्लब की बैठक का आयोजन

हमारा समाचार



**कोटपूतली बहरोड़।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ईकाई कोटपूतली की मासिक काव्य गोष्ठी तथा साहित्यिक क्लब की बैठक का आयोजन शहर के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय परिसर में हुआ। इस मौके पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परिषद् के जिलाध्यक्ष धूड़ाराम 'पद्म', साहित्य परिषद् के कोटपूतली ईकाई अध्यक्ष डॉ. सत्यवीर सिंह, साहित्य परिषद् के पावटा ईकाई अध्यक्ष शिवम शर्मा के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। परिषद् के कोटपूतली ईकाई अध्यक्ष डॉ. सत्यवीर सिंह ने अतिथियों तथा कवियों का स्वागत किया। डॉ. सिंह ने कोटपूतली ईकाई द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही सभी सदस्यों से रायशुमारी करके आगामी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। धूड़ाराम 'पद्म' ने ईकाई की गतिविधियों की सराहना करते हुये युवा लेखकों का उत्साहवर्धन किया। शिवम शर्मा ने कविता का पाठ करते हुये कहा कि हम मिलकर साहित्य परिषद् के कार्यों को ऊँचाइयों तक लेकर जायेंगे। इस दौरान कन्हैया सैनी, रोहित सिंह राजपूत, पूजा शर्मा, विनीता शर्मा, सूर्यकांत मीणा, महेश स्वामी, नरेश टॉक, राहुल सैनी साधक, गुरुदयाल भारती, जे.पी. कोटिया, रामनिवास बायला ने कविताओं का वाचन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध तथा भाव-विभोर कर दिया। राष्ट्र प्रेम, नारी शक्ति तथा समसामयिक आदि विषयों पर कविता पाठ किया गया। उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि से कवियों को उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर ख्यालीराम सैनी का सानिध्य प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के साहित्यिक क्लब के अध्यक्ष डॉ. सत्यवीर सिंह ने साहित्यिक क्लब की बैठक में साहित्यिक क्लब का संविधान तथा मसौदा तैयार कर सभी से अनुमोदन करवाया। साहित्यिक क्लब के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा आगामी महिनों में होने वाले कार्यक्रमों से अवगत करवाया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. सत्यवीर सिंह ने कहा कि इसका नामकरण 'साहित्य संगम' रखा गया है। डॉ. सिंह ने कहा कि साहित्यिक क्लब का गठन एक ऐतिहासिक कदम है। डॉ. सत्यवीर सिंह ने कहा कि हम युवा, नवोदित विद्यार्थी लेखकों की कल्पनाओं, अनुभूति तथा अभिव्यक्ति को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। साहित्यिक क्लब की सचिव डॉ. माधुरी गंगावत ने क्लब के सदस्यों का स्वागत किया और संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि हम जिले की अन्य महाविद्यालयों में भी इसका गठन करने में सहयोग करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की कोटपूतली इकाई और महाविद्यालय के साहित्यिक क्लब को शुभकामनायें प्रेषित करते हुये बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यवीर सिंह सदैव साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में नवाचार करते हैं। महाविद्यालय में साहित्यिक क्लब का गठन एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. सिंह ने महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को इस क्लब से जुड़ने की अपील की। संचालन साहित्यिक क्लब की छात्रा सचिव विनीता शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की सहायक आचार्या डॉ. माधुरी गंगावत ने किया।

## शहरी सेवा शिविर में कराया गया गोदभराई उत्सव का आयोजन



हमारा समाचार

**सरदारशहर।** सोमवार को शहरी सेवा शिविर में महिला और बाल विकास विभाग परियोजना सरदारशहर की तरफ से लाभार्थियो का गोद भराई उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में सरदारशहर नगरपरिषद सभापति रामकरण चौधरी ने गोद भराई कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक दिपीका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता सैनी, ललिता सोनी, एवंम अनीता शर्मा उपस्थित रही।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का मिला लाभ




हमारा समाचार

**फुलेरा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बैंक खाता धारक का बीमा 436 रुपए वार्षिक जमा करने पर खाता धारक की मृत्यु होने पर दो लाख रुपए का बीमा किया जाता है। इसी के तहत हाल ही में श्रीमती बरजी देवी निवासी ताखरो की ढाणी तन कंदेवली को उनके पति मोहन लाल जाट के आकस्मिक देवसान उपरांत बैंक ऑफ बड़ौदा में उनके द्वारा पूर्व में खुलाए गए खाते से बैंक सेवा केंद्र अभिकर्ता पवन कुमार द्वारा किए गए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ दिलवाया। जिसके तहत प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना में 2 लाख की सहायता राशि लाभा न्वित (आश्रित नॉमिनी) के खाते में सीधे हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर बैंक मैनेजर प्रेम कुमार ओला, सरपंच पुष्पा देवी ,पवन कुमार,श्याम सुंदर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बियानी कॉलेज में सात दिवसीय प्री-प्लेसमेंट ट्रेनिंग वीक का सफल आयोजन

### विद्यार्थियों ने सीखे पेशेवर कौशल, मॉक इंटरव्यू में दिखाया आत्मविश्वास

हमारा समाचार



**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और करियर निर्माण के उद्देश्य से सात दिवसीय प्री-प्लेसमेंट ट्रेनिंग वीक का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

सप्ताहभर चले इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को लिंक्डइन प्रोफाइल निर्माण, पेशेवर परिचय, रिज्यूमे लेखन, कवर लेटर ड्राफ्टिंग, संचार और नेतृत्व कौशल, तथा ग्रुप डिस्कशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मॉक इंटरव्यू सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हीं विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने पूरे सप्ताह प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इस सत्र के लिए आठ एचआर साक्षात्कार पैनल गठित किए गए, जिनमें असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. राधिका बियानी डागा, डॉ. अपर्णा दीक्षित, डॉ. शिखा दुगर, राखी खंडेलवाल, शिवानी रैना, कंचन शर्मा, कनन रावत और डॉ. स्मृति तिवाड़ी शामिल थीं।

बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, पेशेवर दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में भी सहायक होते हैं।

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट हेड डॉ. स्मृति तिवाड़ी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और इंटरव्यू प्रिपरेशन को सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ उद्योग जगत में कदम रख सकें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान इन्फोसिस की विजिट भी आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों को कॉरपोरेट कार्यसंस्कृति की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई।

## बगरू महिला टेलेन्ट सर्च प्रोग्राम धमाल 2025 में झूमी छात्राएं

**बगरू** कस्बे की बगरू महिला पी.जी. महाविद्यालय, बी.ए. बी.एड. महाविद्यालय, बगरू शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कल्चरल टेलेन्ट सर्च प्रोग्राम धमाल 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें जमकर झूमीं छात्राएं। कार्यकन के मुख्य अतिथि पद्म श्री से सम्मानित, सेवानिवृत एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, सडक सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा देखभाल करने वाली डॉ. माया टंडन थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव एस. एल. चलावरिया, अभिभावक प्रतिनिधि बन्नालाल चलावरिया, अध्यक्ष रमेश चलावरिया एवं कोषाध्यक्ष डॉ. सज्जन चलावरिया, प्राचार्य डॉ. मिथिलेश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. नीता गुरबानी, प्राचार्य डॉ. सुनीता भार्गव ने माँ सरस्वती के आवक्ष पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथि का महाविद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं प्राचार्य द्वारा माला पहनाकर एवं बुके, स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव एस. एल. चलावरिया ने छात्राओं को कठिन परिश्रम कर सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता भार्गव के द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. टंडन ने छात्राओं को अपने उद्बोधन में कहा कि आपको टेलेन्ट (प्रतिभाशाली) बनकर महाविद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन करना है। आपको इतने अच्छे महाविद्यालय में अध्ययन करने का अवसर प्राप्त हुआ है इसका आपको पूरा-पूरा लाभ प्राप्त करना है। इसके पश्चात् रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मिस फ्रेशर-2025 प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ हुआ। मिस फ्रेशर प्रतियोगिता के चार चरण, रैम्प वॉक राउण्ड, नृत्य राउण्ड, फनीगेम राउण्ड, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि सैन एव बी.ए-बी.एड. की मनिषा प्रजापत को मिस फ्रेसर चुना गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रबंध समिति के सचिव, अध्यक्ष, संरक्षक, कोषाध्यक्ष, प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने मिस फ्रेशर को ताज पहनाकर एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबन्ध समिति के द्वारा समारोह में पधारे हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किये गये। प्राचार्य डॉ नीता गुरबानी ने कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों एवं छात्राओं का आभार प्रकट किया।



## जिला पुलिस लाईन में केंद्रीय गृह मंत्री शाह के जयपुर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

### एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम अधिकारियों, पुलिसकर्मियों व विद्यार्थियों ने लिया भाग

हमारा समाचार



**कोटपूतली बहरोड़।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जयपुर प्रवास के दौरान आयोजित नव विधानदृन्याय की नई पहचान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोमवार को जिले की पुलिस लाईन में बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस लाईव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के सानिध्य में हुआ। जिसमें जिले के अधिकारी, पुलिसकर्मी, लॉ कॉलेज के विद्यार्थी व अधिवक्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जयपुर के जेईसीसी (जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर) में आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं नागरिक सुरक्षा संहिता पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये नये कानून न्याय प्रणाली को आमजन के लिये अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और आधुनिक बनायेंगे। मंच पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व दिया कुमारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जिला पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेंद्र बुरडक, थाना अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, लॉ कॉलेज के विद्यार्थी, अधिवक्ता, नागरीकगण, विभाग के प्रतिनिधि व पुलिस विभाग के अधिकारी व जवान मौजूद रहे। सभी ने अमित शाह के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और नये कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि गृह मंत्री द्वारा प्रस्तुत यह विचारधारा देश की न्याय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नये आपराधिक कानून नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ न्याय प्रणाली को तेज, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनायेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से इन कानूनों का अध्ययन कर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस दौरान अनुशासन, सौहार्द और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पुलिस लाईन परिसर में लगी एलईडी स्क्रीन पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ, जहां हर घोषणा और उद्बोधन पर उपस्थित जनों ने तालियों की गूंज से स्वागत किया। यह आयोजन कोटपूतली-बहरोड़ जिले के लिये गौरव का विषय रहा, जिसमें स्थानीय स्तर पर भी पुलिस प्रशासन, शैक्षणिक संस्थान और नागरिक समाज की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

प्रादेशिक समाचार
आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संया RJ/JPM/151/2022-2024



# घूसखोर डॉक्टर के लॉकर से निकला 1 करोड़ का सोना..

## अब एसीबी को बड़े खजाने की तलाश; होंगे बड़े खुलासे!

### एसएमएस अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के हैड मनीष अग्रवाल ने घूस के रुपयों को सोने में बदलकर लॉकर में छिपाया

### अब ऐसे कई लॉकर्स होने की आशंका

### इधर, घूसखोर डॉक्टर ने कोर्ट में लगाई अर्जी, कहा-चिकित्सक का काम बिल पास करना नहीं; मुझे फंसाया जा रहा

### कंपनी के बिलों पर साइन करने की एवज में मांगे थे एक लाख रुपए

हमारा समाचार

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल एसएमएस हॉस्पिटल में 9 अक्टूबर को न्यूरोसर्जरी विभाग का हैड डॉ. मनीष अग्रवाल 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। न्यूरो सर्जरी में काम आने वाली ब्रेन कॉइल सप्लाई करने वाली कंपनी के बिलों पर साइन करने की एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने उसे एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था। अब एसीबी ने डॉ. अग्रवाल का लोकर खोला। लॉकर में 1 करोड़ रुपये का सोना निकला है। यानी जो रुपये अवैध रूप से कमाए जाते थे। उसे सोने में निवेश करके लॉकर में छिपा दिए थे। एसीबी को संदेह है कि डॉ. मनीष अग्रवाल के और भी लॉकर हो सकते हैं। उससे गहन पूछताछ जारी है। इधर, एसीबी की गिरफ्त में आए डॉ. मनीष अग्रवाल की ओर से कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई गई है। सीनियर एडवोकेट दीपक चौहान की ओर से पेश की गई जमानत याचिका में कहा गया है कि डॉ. मनीष को झूठा फंसाया जा रहा है। उनका काम मरीजों का इलाज करना है ना कि बिल पास करना। बिल पास करने के लिए एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से एक कमेटी का गठन किया हुआ है। यह कमेटी ही बिल पास करने का काम करती है। अकेले डॉ. मनीष अग्रवाल के हस्ताक्षर से बिल पास होते ही नहीं है। उनके विरोधियों ने साजिश के तहत उन्हें फंसाया है। एसीबी ने 9 अक्टूबर की देर शाम को गोपालपुरा स्थित डॉ. मनीष अग्रवाल के घर पर ही उन्हें ट्रेप किया था। कंपनी के प्रतिनिधि से डॉ. मनीष ने एक लाख रुपये की रिश्वत ली थी। एसीबी द्वारा ट्रेप करने के बाद जब घर में तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान 4 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी मिली। साथ ही जयपुर के अलग अलग इलाकों में प्रॉपर्टी होने के कई दस्तावेज भी मिले। एसीबी ने सभी दस्तावेज जब्त किए हैं।



### डॉक्टर ने खाली प्लॉट में फेंक दिए थे 1 लाख रुपये

रेड के वक्त जब हैड कांस्टेबल डॉक्टर के मकान में ही रुका रहा तो डॉ. मनीष ने उसे अपॉइंटमेंट लेकर आने के लिए कहा। इस पर हैड कांस्टेबल ने कहा कि वह एसीबी से है और आप रिश्वत लेते हुए पकड़े गए हैं। इस पर डॉक्टर ने अपने कर्मचारी जगत सिंह को बुलाया और रुपये देकर बाहर फेंकने के लिए कहा। कर्मचारी जगत सिंह ने एक लाख रुपये पड़ोस के खाली प्लॉट में फेंक दिए। इसी दौरान एसीबी की पूरी टीम डॉ. मनीष के घर में घुस गई और उन्हें पकड़ लिया। खाली प्लॉट से रिश्वत के रुपये भी बरामद कर लिए गए।

### इस कांड के पीछे हो सकते है बड़े नाम, एसीबी पड़ताल में जुटी

इस पूरे मामले ने जनता का ध्यान खींचा है। सोशल मीडिया पर भी यह खबर तेजी से वायरल हो रही है। लोग सवाल कर रहे हैं कि कैसे किसी अस्पताल के डॉक्टर पर इतना बड़ा घूसखोरी का आरोप लग सकता है और उसे लेकर इतनी बड़ी कार्रवाई हुई। इस बीच एसीबी की टीम यह भी पता लगाने में लगी है कि रिश्वत लेने के पीछे कौन-कौन शामिल था और कितनी रकम असल में डॉ. मनीष के बैंक अकाउंट्स में जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर सामने आएगी। एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक,प्रिंसिपल अन्य अधिकारियों ने इस मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन शहर के लोगों के लिए यह खबर एक चौंकाने वाला खुलासा साबित हुई है।

# 35 लाख की ज्वैलरी लूट के मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार, दोस्त ने ही रची थी साजिश

### हरमाड़ा थाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 24 घंटे में किया दिनदहाड़े हुई वारदात का पर्दाफाश

### लूटी गई ज्वैलरी तथा वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद

हमारा समाचार

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने दिनदहाड़े हुई एक लूट की वारदात का 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 35 लाख रुपए की लूटी गई ज्वैलरी बरामद की है। एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास आरोपियों ने यह वारदात अंजाम दी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि लूट की साजिश पीड़ित के दोस्त ने ही रची थी।

डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद ने बताया कि हरमाड़ा थाना क्षेत्र में 11 अक्टूबर को बालाजी कॉलेज के सामने गणेश नगर में एक व्यक्ति के साथ दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल डीसीपी वेस्ट आलोक सिंगल और चौमूं की एसीपी उषा यादव के निर्देशन में हरमाड़ा थाना अधिकारी उदय सिंह के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया था। पीड़ित प्रीतेश वर्मा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन लड़कों ने उन्हें चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का देकर ज्वैलरी से भरा बैग लूट लिया, इसमें करीब 35 लाख रुपए मूल्य के सोने के पांच ज्वैलरी सेट थे। पुलिस की विशेष टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी सहायता के आधार पर सूचनाएं एकत्रित की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने लूट की इस वारदात का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई ज्वैलरी तथा वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की। पुलिस ने आरोपियों अमित जांगिड़, जयवर्धन सिंह जोधा, लक्ष्य वर्मा, अजय यादव, अध्ययन राजावत, नवीन शर्मा और देवराज सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में और भी खुलासे होने की संभावना है।





### डिजाइन पसंद कर मंगवाए गहने, लूट के बाद मलबे में छिपाए

पुलिस के मुताबिक आरोपी अमित जांगिड़ और पीड़ित प्रीतेश वर्मा के बीच पांच साल से दोस्ती थी। आरोपी अमित जांगिड़ ने अपने व्हाट्सएप पर हार सेट की डिजाइन मंगवाकर कहा था कि यह डिजाइन के पांच सोने के हार सेट उसके भाई को खरीदने हैं। आरोपी ने अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत पीड़ित को लूटने की योजना बनाई और 11 अक्टूबर को अपने दोस्त के किराए के कमरे पर पीड़ित प्रीतेश वर्मा को सोने के हार सेट खरीदने के लिए बुलाया। वहां पहुंचने पर पीड़ित के साथ धक्का-मुक्की करके चाकू की नोक पर ज्वैलरी से भरा बैग छीनकर आरोपी फरार हो गए। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि आरोपियों ने ज्वैलरी से भरा बैग छीनकर लगभग 500 मीटर दूर ले जाकर एक मलबे के नीचे छुपा दिया था।

## जयपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में ब्राह्मण समाज से मंजू शर्मा और राजपूत समाज से हरेंद्र पाल सिंह जादौन के नाम सबसे आगे

### 'संगठन सृजन अभियान' में दोनों नेताओं का नाम सर्वसम्मति से उभरा, कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

हमारा समाचार

**जयपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी 'संगठन सृजन अभियान' ने जयपुर की राजनीति में नई हलचल और ऊर्जा भर दी है। इस अभियान के दौरान जयपुर जिले की सभी विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं की राय और संगठनात्मक समीक्षा के आधार पर दो नाम सबसे आगे उभरे हैं – ब्राह्मण समाज से मंजू शर्मा और राजपूत समाज से हरेंद्र पाल सिंह जादौन। दोनों नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के समन्वय और जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का काम किया है।

#### ब्राह्मण समाज से मंजू शर्मा – कांग्रेस की नई उम्मीद

जयपुर की जानी-मानी महिला नेता मंजू शर्मा ने लगातार तीन बार नगर निगम चुनाव में जीत दर्ज कर अपनी राजनीतिक पकड़ और जनसंपर्क की गहराई को साबित किया है। उनकी पहचान एक जमीनी और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में है, जिन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया है। मंजू शर्मा महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में सक्रिय रही हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह कांग्रेस के सिद्धांतों को हर घर तक पहुंचाने में अग्रणी रही हैं और उनका नेतृत्व संगठन में नई ऊर्जा भर सकता है।

#### मंजू शर्मा के पक्ष में प्रमुख बिंदु

* सभी वर्गों में सर्वसम्मति और स्वीकार्यता।
* बूथ और वार्ड स्तर पर गहरी पकड़।
* तीन बार निर्वाचित पार्षद होने से आमजन से सीधा जुड़ाव।
* महिला और युवा नेतृत्व का सशक्त प्रतिनिधित्व।

#### राजपूत समाज से हरेंद्र पाल सिंह जादौन – संगठन के भरोसेमंद नेता

वर्तमान में झोटवाड़ा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हरेंद्र पाल सिंह जादौन संगठन में अनुशासन और समर्पण की मिसाल माने जाते हैं। उनकी कार्यशैली और सबको साथ लेकर चलने की नीति ने उन्हें जयपुर शहर की राजनीति में एक सशक्त और सम्मानित स्थान दिलाया है। राजपूत समाज से आने वाले हरेंद्र पाल सिंह जादौन ने अपने क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को नई दिशा दी है। उन्होंने लगातार संवाद, सामंजस्य और सामाजिक संतुलन बनाकर कार्यकर्ताओं का विश्वास जीता है।



#### हरेंद्र पाल सिंह जादौन के पक्ष में प्रमुख बिंदु

* ब्लॉक स्तर पर लंबे समय से प्रभावी नेतृत्व।
* राजपूत समाज सहित सभी वर्गों में मजबूत पकड़।
* संवादशील और सर्वसमावेशी कार्यशैली।
* अनुशासित और संगठित टीम भावना का उदाहरण।

#### नेतृत्व की दिशा और कार्यकर्ताओं की राय

कांग्रेस नेतृत्व के अनुसार 'संगठन सृजन अभियान' का उद्देश्य ऐसे समर्पित नेताओं को पहचानना है जो पार्टी को नई दिशा दे सकें और जनता से सीधा जुड़ाव रख सकें। जयपुर में यह अभियान साबित कर रहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का झुकाव अब मंजू शर्मा और हरेंद्र पाल सिंह जादौन जैसे जमीनी और कर्मठ नेताओं की ओर है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया – "जयपुर की राजनीति में महिला और युवा नेतृत्व की भूमिका निर्णायक होती जा रही है। मंजू शर्मा और हरेंद्र पाल सिंह जादौन दोनों ही ऐसे चेहरे हैं जो संगठन को नई ऊर्जा और स्थायित्व दे सकते हैं।"

#### आगे की दिशा

पार्टी स्तर पर दोनों नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई जल्द ही जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर अंतिम निर्णय ले सकती है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि ब्राह्मण समाज से मंजू शर्मा और राजपूत समाज से हरेंद्र पाल सिंह जादौन, दोनों ही कांग्रेस के भविष्य के संगठनात्मक स्तंभ बन सकते हैं।

## स्व. सारण की याद में सजेगा कबड्डी का महाकुंभ.. हाथोज में होगा खेल, संस्कृति और श्रद्धा का संगम!

### स्व. मोहन सारण की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 23 से 25 अक्टूबर तक होगा हाथोज प्रो. कबड्डी लीग का आयोजन, विजेता टीम को मिलेगा 1 लाख का पुरस्कार

हमारा समाचार

**जयपुर।** हाथोज में खेल और समाजसेवा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा जब स्व. मोहन सारण की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर हाथोज प्रो. कबड्डी लीग का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य खेल आयोजन 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक वीर तेजा स्पोर्ट्स एकेडमी, मेन किशोरपुरा रोड, हाथोज, कालवाड़ रोड, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि इस कबड्डी लीग में प्रदेशभर की चुनिंदा टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को एक लाख तथा उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता की एंट्री फीस 1100 रुपए निर्धारित की गई है। इस आयोजन के संयोजक रामकिशोर चौधरी (पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष) और राजेश सारण हैं। कार्यक्रम को श्यामाशीष ग्रुप ने स्पॉन्सर किया है, जबकि मीडिया पार्टनर हमारा समाचार रहेगा। खेल आयोजन के समापन अवसर पर 25 अक्टूबर की रात 8.15 बजे से एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन सम्राट संत प्रकाश दास जी महाराज का सान्निध्य मिलेगा।

## आधी आबादी के उत्साह से गुलजार हुई नारी चौपाल

हमारा समाचार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप सक्षम जयपुर अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले के प्रत्येक उपखंड पर नारी चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार मंगलवार को आमेर के खोरा मीणा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में नारी चौपाल कार्यक्रम उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों महिलाओं एवं बालिकाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। मारवाड़ी गीत, लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसी विविध गतिविधियों ने चौपाल को सजीव बना दिया। महिलाओं ने "हम होंगे कामयाब" और "मेरा काम–मेरा सम्मान" प्रस्तुतियों के माध्यम से आत्मविश्वास और स्वावलंबन का संदेश दिया। सफलता की कहानियों के जरिए अनुभव साझा किए गए और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा दी गई।


## कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) माधोराजपुरा जयपुर

क्रमांक /भू अ /135 ( 2) / 2025 / 2484 दिनांक 23/6/2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में प्रार्थी सिद्धार्थ शर्मा पुत्र रामवतार शर्मा निवासी श्रीरामजीपुरा तहसील माधोराजपुरा के प्रार्थना पत्र वसीयतकर्ता रामनिवास शर्मा पुत्र कल्याण बक्स जाति ब्राहमण निवासी श्रीरामजीपुरा द्वारा प्रार्थी के पक्ष में की गई वसीयत बाबत नामान्तरण प्रक्रिया पत्रावली संख्या 26 / 2025 अन्तर्गत भू रा अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) के तहत विचाराधीन है। उक्त वसीयत पत्र दिनांक 29 /7 /1991 को निष्पादीत की गई है व वसीयत कर्ता की मृत्यू हो चुकी है। अतः उक्त वसीयत बाबत किसी भी आमजन / रिश्तेदार / वारीसान को कोई आपत्ति हो, अन्य कोई वसीयत हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं या अपने अधिवक्ता के जरिये पेश करें। तत्पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजो, रिपोर्ट, रिकॉर्ड के आधार पर कार्यवाही संम्पादीत की जायेगी। सूचित रहे।

तहसीलदार (भू अ)
तहसील माधोराजपुरा जयपुर


# फॉरएवर स्टार इंडिया द्वारा 19 से 21 दिसम्बर तक जी स्टूडियो में किया जाएगा ग्रैन्ड फिनाले का आयोजन

### विश्वस्तरीय फैशन कोरियोग्राफर शाय लोबो ओर यूनिक कॉन्सेप्ट के साथ ब्यूटी पेजेन्ट इंडस्ट्री में मचेगा धमाल

हमारा समाचार

**जयपुर।** फॉरएवर स्टार इंडिया सीजन 5 का ग्रैंड फिनाले 19 से 21 दिसंबर तक जयपुर स्थित जी स्टूडियो में आयोजित किया जाएगा। ग्रैन्ड फिनाले के मंच पर फॉरएवर मिस इंडिया, मिसेज इंडिया और मिस टीन इंडिया ब्यूटी पेजेन्ट्स के विजेताओं की क्राउनिंग सेरेमनी भी की जाएगी। होटल रॉयल ऑर्किड को इस आयोजन का हॉस्पिटैलिटी पार्टनर बनाया गया है। प्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय फैशन कोरियोग्राफर शाय लोबो इवेन्ट की कोरियोग्राफी और निर्देशन करेंगे। शाय लोबो फैशन जगत का एक जाना-माना नाम हैं तथा वे शाहरुख खान, आलिया भट्ट और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कई बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चुके हैं। ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर इस आयोजन में देशभर से चुने गए 9 फैशन डिजाइनर, 9 मेकअप आर्टिस्ट और 9 हेयरस्टाइलिस्ट भाग लेंगे। इवेन्ट में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के फैशन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे वहीं मेकअप आर्टिस्ट्स और हेयर स्टाइलिस्ट्स भी अपनी टीम के साथ हुनर का प्रदर्शन करेंगे। फॉरएवर स्टार इंडिया के फाउन्डर और सीईओ राजेश अग्रवाल एवं डायरेक्टर जया चौहान पर्सनल मेन्टरशिप, ग्रूमिंग और ट्रेनिंग देकर प्रतिभागियों के टैलेन्ट को निखारेंगे। राजेश अग्रवाल ने बताया कि फॉरएवर स्टार इंडिया की वेबसाइट www.fsia.in पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।




## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक :- न.पा.फु/2025-26/1920 दिनांक:- 14/10/25

**-: आपत्ति सूचना :-**

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने 90 क आवासीय हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र. स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भंवरगोपाल पुत्र श्री लालचन्द | आवासीय भूखण्ड न. 58 वाके नारायण विहार कोलोनी बालाजी रोड काचरोदा फुलेरा | 266.66 | 90 क के अन्तर्गत आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार 90 क के अन्तर्गत आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।